

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शनिवार 4 जुलाई 2026 ■ आषाढ़, कृष्ण पक्ष-5 ■ वर्ष -42 ■ अंक-097 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 05 जुलाई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## अत्याधुनिक हथियार खरीदने रक्षा मंत्री ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली,4जुलाई।** भारत ने अपनी वायु सुरक्षा क्षमता को नई धार देने की दिशा में एक और निर्णायक कदम उठा लिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद ने सशस्त्र बलों के लिए कई अत्याधुनिक हथियार प्रणालियों की खरीद को सैद्धांतिक मंजूरी दी है। बताया जा रहा है कि इनकी अनुमानित लागत 52 हजार करोड़ रुपए है। इन हथियार प्रणालियों में सबसे अधिक चर्चा उन तीन प्रणालियों की हो रही है जो भारत की वायु रक्षा ढाल को अभेद बनाने वाली हैं। ये हैं मध्यम दूरी सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, बेहद कम दूरी वायु रक्षा प्रणाली और आकाश तरंग मानव रहित हवाई वाहन रोधी इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली।

यह फैसला ऐसे समय में आया है जब दुनिया भर में युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। अब केवल लड़ाकू विमान या पारंपरिक मिसाइलें ही खतरा नहीं हैं, बल्कि सस्ते ड्रोन, झुंड में हमला करने वाले मानव रहित यान और बैलिस्टिक मिसाइलें भी आधुनिक युद्ध की दिशा तय कर रही हैं। पश्चिम एशिया में ईरान की मिसाइल रणनीति और यूक्रेन युद्ध में रूस के घातक बैलिस्टिक हमलों ने पूरी दुनिया को यह संदेश दे दिया है कि भविष्य की जंग आसमान पर कब्जे की होगी। भारत ने इसी चुनौती को भांपते हुए अपने वायु सुरक्षा कवच को नई ताकत देने का निर्णय लिया है। हम आपको याद दिला दें कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ छोटे ड्रोन, फतह द्वितीय बैलिस्टिक मिसाइल और सुपरसोनिक मिसाइलों का इस्तेमाल करने की कोशिश की थी। पाकिस्तानी वायु सेना ने जालंधर के पास आदमपुर वायुसेना स्टेशन में



तैनात एस-400 प्रणाली को निशाना बनाने के लिए सीएम-400 एकेजी सुपरसोनिक मिसाइलें दागी थीं। लेकिन भारतीय वायु रक्षा प्रणाली ने इन सभी हमलों को नाकाम कर दिया। भारतीय सेना की आकाश मिसाइल प्रणाली और स्वदेशी रूप से उन्नत एल सत्तर वायु रक्षा तोपों ने दुश्मन की रणनीति को ध्वस्त कर दिया था। यह घटना भारत की बहुस्तरीय वायु सुरक्षा क्षमता का प्रत्यक्ष प्रमाण बनकर सामने आई। अब इसी अनुभव के आधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश के लिए एकीकृत वायु रक्षा नेटवर्क "सुदर्शन चक्र" बनाने की घोषणा की है। यह नेटवर्क भारत के ऊपर ऐसा सुरक्षा कवच तैयार करेगा जो बैलिस्टिक मिसाइलों से लेकर ड्रोन तक हर तरह के हवाई खतरे को रोकने में सक्षम होगा। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें अधिकतर प्रणालियां स्वदेशी होंगी, जबकि एस-400 जैसी अत्याधुनिक प्रणालियां भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेंगी।मध्यम दूरी सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली इस नई ढाल की सबसे ताकतवर परत मानी जा रही है। इसे इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने मिलकर विकसित किया है। भारत डॉयनेमिक्स लिमिटेड इसका निर्माण भारत में कर रही है। यह मिसाइल सत्तर किलोमीटर से अधिक दूरी तक दुश्मन के लड़ाकू विमान, हेलीकाप्टर, ड्रोन और क्रूज मिसाइलों को मार गिराने में सक्षम है। रिपोर्टों के अनुसार ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इस प्रणाली ने सिरसा के ऊपर पाकिस्तानी फतह द्वितीय बैलिस्टिक मिसाइल को भी रोक दिया था। भारतीय थल सेना, नौसेना और वायुसेना में यह प्रणाली पहले से तैनात है, जिससे इसकी विश्वसनीयता और बढ़ जाती है।

बेहद कम दूरी वायु रक्षा प्रणाली को वायु सुरक्षा की अंतिम दीवार माना जाता है। इसका काम उन खतरों को खत्म करना है जो बाकी परतों को पार कर जाते हैं।

### श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की अहम बैठक 6 जुलाई को

**अयोध्या,4 जुलाई।** अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की अहम बैठक 6 जुलाई को आयोजित होगी। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष की ओर से जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, बैठक दोपहर 3 बजे मणि राम दास छावनी में होगी। बैठक में ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और सदस्य अनिल मिश्रा के इस्तीफों पर विचार किया जाएगा। इसके साथ ही विशेष जांच दल की अंतरिम रिपोर्ट पर भी चर्चा होने की संभावना है। इसके अलावा राम मंदिर के भविष्य के प्रबंधन से जुड़ी व्यवस्थाओं, सीईओ पद के सृजन के प्रस्ताव, मंदिर की वित्तीय रिपोर्ट और अन्य प्रशासनिक एवं संगठनात्मक विषयों पर भी मंथन किया जाएगा। इस बैठक को राम मंदिर ट्रस्ट के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### घर के सामने मिली युवक की लाश

**राजिम,4 जुलाई।** गरियाबंद जिले के राजिम थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पितईबंद में एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही राजिम पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान उत्तम भारती के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में युवक की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार मृतक के शरीर पर लोहे की रॉड से वार किए जाने जैसे निशान मिले हैं, जिससे हत्या की आशंका और गहरा गई है। बताया जा रहा है कि युवक का शव उसके घर के सामने ही बरामद हुआ। घटना शुक्रवार देर रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने चार संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। घटना की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर भेजा गया है। वहीं, शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी भेज दिया गया है। पुलिस घटनास्थल पर मौजूद रहकर साक्ष्य जुटाने में लगी है। फिलहाल राजिम पुलिस हत्या के कारणों और आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सीजेआई को लिखे पत्र पर सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस को घेरा

**नई दिल्ली,4 जुलाई।** लगभग दो दर्जन विपक्षी दलों ने भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत को पत्र लिखकर चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के 'विशेष गहन संशोधन' (SIR) पर चिंता जताई है। भारतीय जनता पार्टी ने विपक्ष के इस कदम की कड़ी आलोचना की है। पार्टी के सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने इस पत्र को लोकतंत्र को कमज़ोर करने की नाकाम कोशिश बताया है। त्रिवेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी, भारत के मुख्य न्यायाधीश को लिखे गए पत्र और कुछ राजनीतिक दलों द्वारा लोकतंत्र को कमज़ोर करने की नाकाम कोशिश की कड़ी निंदा करती है। इस पूरे मामले के दो पहलू हैं: एक कानूनी और दूसरा राजनीतिक। उन्होंने तर्क दिया कि अदालतों ने बार-बार 'स्पेशल इंटेंसिव रिविज़न' (विशेष गहन पुनरीक्षण) को सही ठहराया है और इसे चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर की जाने वाली एक कानूनी और सामान्य प्रक्रिया बताया है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक नज़रिए से देखें तो वे अदालत के सामने एक भी तथ्यात्मक मुद्दा पेश नहीं कर पाए।

## भारत ने पाक में छिपे 23 पाकिस्तानी को घोषित किया आतंकी

**नई दिल्ली,4 जुलाई।** आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई को और सख्त बनाते हुए केंद्र सरकार ने एक साथ 23 आतंकियों को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत व्यक्तिगत रूप से आतंकवादी घोषित कर दिया है. इनके नाम चौथी अनुसूची में जोड़े गए हैं. इनमें ज्यादातर आतंकी जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए है. गृह मंत्रालय की गजट नोटिफिकेशन में सुनजवां और नागरोटा हमलों सहित कई आतंकवादी साजिशों से जुड़े आरोपियों के नाम शामिल हैं. ये सभी आतंकवादी घोषित व्यक्ति आतंकियों की भर्ती, प्रशिक्षण, फंडिंग, हथियारों की आपूर्ति, जैसी गतिविधियों में शामिल रहे हैं. और पाकिस्तान में रह रहे हैं.

गृह मंत्रालय की ओर से जारी गजट अधिसूचना के अनुसार, इन सभी के नाम UAPA की चौथी अनुसूची में सीरियल नंबर 58 से 80 तक जोड़े गए हैं. गृह मंत्रालय ने पाकिस्तान में सक्रिय 23 व्यक्तियों को UAPA के तहत आतंकवादी घोषित किया है। यह कार्रवाई जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठनों से उनके जुड़ाव के कारण की गई है. सरकार का कहना है कि वह लश्कर-ए-तैयबा, अल-कायदा और ISIS से जुड़े मॉड्यूल से संबंध रखता है. उस पर सोशल मीडिया के जरिए युवाओं को भर्ती करने, हथियारों की ट्रेनिंग दिलवाने और आतंकी गतिविधियों के लिए पैसा जुटाने का आरोप है. सरकार का कहना है कि इन व्यक्तियों की गतिविधियां भारत की सुरक्षा और संप्रभुता के लिए गंभीर खतरा हैं. सरकार की ओर से घोषित अधिकांश आतंकी पाकिस्तान या पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) में सक्रिय बताए गए हैं.

पाकिस्तान के खिलाफ बड़ा एक्शन लेते हुए गृह मंत्रालय ने वहां मौजूद 23 लोगों को UAPA के तहत आतंकवादी घोषित किया है. कई नाम नगरोटा और सुंजवां हमलों से जुड़े हैं. इनमें से ज्यादातर आतंकी जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हैं और पाकिस्तान या पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में रह रहे हैं. 23 लोगों में से तीन लश्कर के संस्थापक हाफिज सईद के करीबी सहयोगी बताए जाते हैं. गृह मंत्रालय ने एक नोटिफिकेशन में सईद के करीबी साथियों के तौर पर अब्दुल रऊफ, हाफिज खालिद वलीद और राणा इफ्तिखार की पहचान की है.आपको बताते चले की गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम यानी UAPA, भारत का एक सख्त आतंकवाद-विरोधी कानून है.

## ट्रांसपोर्टर की बर्थडे पार्टी में मर्डर

**कोरबा,4 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में शुक्रवार रात ट्रांसपोर्टर की बर्थडे पार्टी में शराब के नशे में थिरकते युवकों के बीच विवाद खूनी वारदात में बदल गई. रिजॉर्ट में युवक की कथित तौर पर कैंपर वाहन से कुचलकर हत्या कर दी गई. घटना में दीपका के गरुणनगर निवासी उज्जवल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं आरोपी तुषार ढांढा वारदात के बाद मौके से वाहन समेत फरार हो गया है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है. पूरा मामला उरगा थाना क्षेत्र का है.जानकारी के मुताबिक, उरगा



स्थित मीरा रिजॉर्ट में ट्रांसपोर्टर विकास कुमार हुडा के जन्मदिन का जश्न चल रहा था. यहां करीब 20 से 25 युवक पहुंचे थे. नाच-गाने के बीच रात करीब 1:30 बजे किसी बात को लेकर युवकों के बीच विवाद शुरू हो गया. देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई और माहौल पूरी तरह गरमा गया.आरोप है कि विवाद के दौरान आरोपी तुषार ढांढा ने कैंपर वाहन से उज्जवल सिंह को कुचल दिया. गंभीर चोट लगने से उज्जवल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. घटना के बाद आरोपी वाहन लेकर मौके से फरार हो गया. सूचना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. प्रारंभिक तौर पर पार्टी में शराब का अधिक नशा होने के कारण विवाद होना बताया जा रहा है. शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है. पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और फरार आरोपी की तलाश जारी है. पुलिस पार्टी में मौजूद अन्य युवकों से भी पूछताछ कर रही है.

## भाजपा सांसद ने उठाई पुरानी मांग- राष्ट्रीय पुरुष आयोग बने

**पुणे,4 जुलाई।** पुणे के चर्चित केतन अग्रवाल हत्याकांड ने समाज में एक नई बहस छेड़ दी है। मंगेतर सिया गोयल की बेवफाई और हत्या की खौफनाक साजिश सामने आने के बाद अब पुरुषों के अधिकारों और उनकी कानूनी सुरक्षा का मुद्दा गरमा गया है। इसी कड़ी में भाजपा राज्यसभा सांसद और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के संस्थापक अशोक कुमार मित्तल ने इस घटना को बेहद विचलित करने वाला बताते हुए देश में 'राष्ट्रीय पुरुष आयोग' बनाने की पुरजोर मांग उठाई है। इस मामले में 26 साल के रियल एस्टेट कारोबारी केतन अग्रवाल की हत्या के आरोप में उनकी मंगेतर सिया गोयल और उसके कथित प्रेमी चेतन को गिरफ्तार किया गया है। सांसद मित्तल ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर किया। यह वीडियो दिसंबर 2025 की राज्यसभा कार्यवाही का है, जब उन्होंने पुरुष आयोग बनाने के लिए संसद में एक 'प्राइवेट मेंबर बिल' पेश किया था।

मित्तल ने एक्स पर लिखा, "पुणे का केतन अग्रवाल मामला बहुत परेशान करने वाला है। केतन और उनके परिवार को निष्पक्ष, पूरी और बिना किसी भेदभाव के जांच मिलनी चाहिए, और सबसे बढ़कर, उन्हें न्याय मिलना चाहिए। मैंने संसद में 'नेशनल कमीशन फॉर मेन बिल' पेश किया था। हर पीड़ित को न्याय, मदद और कानून के तहत समान सुरक्षा मिलनी चाहिए। केतन का मामला यह याद दिलाता है कि पुरुष भी पीड़ित हो सकते हैं। उन्हें संस्थागत मदद, कानूनी सुरक्षा और एक ऐसा मंच मिलना चाहिए जहां उनकी बात सुनी जा सके। लिंग के आधार पर भेदभाव किए बिना, न्याय सभी के लिए समान होना चाहिए।"

## खेत में दौड़ा करंट: मां और दो बेटों की मौत

**बिलासपुर,3 जुलाई।** जिले के कोटा थाना क्षेत्र के ग्राम भाड़म से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। खेत में काम करने गए एक ही परिवार के तीन सदस्य करंट की चपेट में आ गए, जिससे तीनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में मां और उसके दो बेटे शामिल हैं। एक साथ तीन लोगों की मौत की खबर से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम भाड़म निवासी दसन बाई अपने खेत में जानवरों के प्रवेश को रोकने के लिए मेड़ पर जीआई तार और नायलॉन रस्सी से घेराबंदी करने गई थीं। उनके साथ उनका बड़ा बेटा विवेक सिंगरौल (23 वर्ष) और छोटा बेटा सत्यव्रत सिंगरौल (14 वर्ष) भी मौजूद था। खेत में काम के दौरान अचानक तीनों करंट की चपेट में आ गए। करंट इतना तेज था कि उन्हें संभलने या बचने का मौका तक नहीं मिला और तीनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।देर शाम पति खेत पहुंचा तो सामने था जिंदगी का सबसे दर्दनाक मंजरमृतका के पति सीताराम सिंगरौल, जो पेशे से चालक हैं, काम पर गए हुए थे। शाम को घर लौटने पर पत्नी और दोनों बेटे घर पर नहीं मिले।

पहले उन्होंने आसपास और रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन जब कहीं पता नहीं चला तो खेत की ओर पहुंचे। वहां पहुंचते ही उनके होश उड़ गए। खेत में पत्नी और दोनों बेटों के शव पड़े थे। यह दृश्य देखकर वे बदहवास हो गए और तत्काल कोटा थाना पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिसघटना की जानकारी मिलते ही कोटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। देर शाम होने के कारण शवों का पोस्टमार्टम नहीं कराया जा सका।

शनिवार को तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।प्रारंभिक जांच में मौत का कारण करंट लगना माना जा रहा है, लेकिन खेत में करंट कैसे आया, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। संभावना जताई जा रही है कि किसी विद्युत तार के संपर्क में आने या अन्य तकनीकी कारण से जीआई तार में करंट प्रवाहित हुआ होगा। हालांकि इसकी पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस और संबंधित विभाग घटना के हर पहलू की जांच कर रहे हैं।एक ही परिवार के तीन सदस्यों की असामयिक मौत से ग्राम भाड़म में मातम पसरा हुआ है।

## ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही,4 जुलाई।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने प्रशासनिक शिथिलता और अनुशासनहीनता के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई की है। गौरेला विकासखंड के ग्राम पंचायत सेमरा के तत्कालीन एवं वर्तमान में ग्राम पंचायत तरईगांव के सचिव किशन राठौर को गंभीर प्रशासनिक अनियमितताओं, शासकीय आदेशों की अवहेलना तथा अनुशासनहीनता के आरोपों के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, सचिव किशन राठौर के खिलाफ लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं। जांच के दौरान उन पर लगे कई गंभीर आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए हैं, जिनमें मुख्य रूप से शासकीय प्राथमिक शाला भवन के ध्वस्तीकरण (गिराने) एवं पुनर्निर्माण कार्य में नियमों को ताक पर रखना। मनरेगा के कार्यों में नियमों के विपरीत जाकर मशीनों का अवैध इस्तेमाल करना। सरकारी संपत्ति का निजी या गलत तरीके से इस्तेमाल करना, न्यायालय एवं विभागीय उच्चाधिकारियों के आदेशों को लगातार नजरअंदाज करना और साथ ही शासकीय सेवक होने के बावजूद राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेना शामिल हैं।

## गुप्त चैंबर वाली कार से 36 लाख का गांजा बरामद

**महासमुंद,4 जुलाई।** पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करी के खिलाफ करते हुए 62 किलो से ज्यादा गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांजा, कार और मोबाइल सहित 36 लाख 13 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है। कोमाखान पुलिस और एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स को सूचना मिली थी कि ओडिशा के भवानीपटना से मध्यप्रदेश के इंदौर गांजा की खेप ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर ग्राम गोयनाबाहरा के पास चेकिंग के दौरान एक स्विफ्ट डिजायर कार को रोका गया। तलाशी में कार में बनाए गए दो गुप्त चैंबरों



से 62 किलो 160 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मध्यप्रदेश निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अब इस पूरे तस्करी नेटवर्क और इससे जुड़े अन्य लोगों की जांच में जुटी हुई है।

## 'बांग्लादेशी' बताकर डिपोर्ट किए गए व्यक्ति के लापता होने का मामला हाई कोर्ट पहुंचा

**बिलासपुर,4 जुलाई।** बिलासपुर हाई कोर्ट में कथित डिपोर्टेशन से जुड़े एक मामले की सुनवाई हुई। बिलासपुर निवासी एक महिला ने अपने पति के लापता होने को लेकर हैबियस कॉर्पस याचिका दायर की है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि पुलिस ने अगस्त 2025 में उसके पति को बांग्लादेशी नागरिक बताकर डिपोर्ट कर दिया, जबकि उसके पास भारतीय नागरिकता से संबंधित वैध दस्तावेज मौजूद थे। महिला का यह भी दावा है कि डिपोर्ट किए जाने के बाद उसका पति बांग्लादेश भी नहीं पहुंचा और तब से उसका कोई पता नहीं चल सका है। मामले की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार से जवाब मांगा है। अदालत ने केंद्र सरकार को जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का अंतिम अवसर दिया है। वहीं, राज्य सरकार को भी शपथपत्र के साथ संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की गई है।

## पायरेसी पर केंद्र का सबसे बड़ा एक्शन, टेलीग्राम को भेजा नोटिस

**15 दिन का दिया अल्टीमेटम**

नई दिल्ली,4 जुलाई। केंद्र सरकार का यह कदम इस बात का संकेत है कि अब अलग-अलग कंटेंट को हटाने के बजाय प्लेटफ़ॉर्म की जवाबदेही तय करने की दिशा में बदलाव हो रहा है। इससे पहले भी केंद्र सरकार पायरेटेड कंटेंट दिखाने वाले 3,000 से ज़्यादा टेलीग्राम चैनलों के ख़िलाफ़ कार्रवाई कर चुकी है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने शनिवार को पायरेसी के मामलों को लेकर टेलीग्राम को एक नोटिस जारी किया। इसमें मंत्रालय ने टेलीग्राम से पायरेटेड फ़िल्मों और ओटीटी कंटेंट के ख़िलाफ़ तुरंत कदम उठाने और 15 दिनों के अंदर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट सौंपने को कहा है। मंत्रालय ने यह कदम भारत की क्रिएटर इकॉनमी, फ़िल्म इंडस्ट्री, ब्रॉडकास्टर्स, ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म, प्रोड्यूसर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स के हितों की रक्षा के लिए उठाया है। इसके अलावा, टेलीग्राम को उन लोगों/संस्थाओं के ख़िलाफ़ भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है जिन्हें मंत्रालय ने 'बार-बार नियम तोड़ने वाले' बताया है; इनमें चैनल, ग्रुप, बॉट, अकाउंट, एडमिनिस्ट्रेटर और उनसे जुड़ी अन्य संस्थाएं शामिल हैं। केंद्र सरकार का यह कदम इस बात का संकेत है कि अब अलग-अलग कंटेंट को हटाने के बजाय प्लेटफ़ॉर्म की जवाबदेही तय करने की दिशा में बदलाव हो रहा है। इससे पहले भी केंद्र सरकार पायरेटेड कंटेंट दिखाने वाले 3,000 से ज़्यादा टेलीग्राम चैनलों के ख़िलाफ़ कार्रवाई कर चुकी है। मंत्रालय का यह कदम भारत की क्रिएटर इकॉनमी को बचाने और ऑनलाइन पाइरेसी से फिल्म इंडस्ट्री, ब्रॉडकास्टर्स, ओटीटी प्लेटफॉर्म, प्रोड्यूसर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स के हितों की रक्षा करने के मकसद से उठाया गया है।

## एनएचएम के डीटीसी की बर्खास्तगी का आदेश निरस्त

### हाईकोर्ट ने कहा- प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का नहीं हुआ पालन

**बिलासपुर,4 जुलाई।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति बिभु दत्त गुरु की एकलपीठ ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में जिला प्रशिक्षण समन्वयक/एचआर (डीटीसी) के पद पर कार्यरत दिलीप कुमार मधुकर की सेवा समाप्ति (बर्खास्तगी) के आदेश को निरस्त करते हुए महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। न्यायालय ने माना कि विभाग द्वारा कार्रवाई करते समय मानव संसाधन नीति एवं प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का समुचित पालन नहीं किया गया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता श्रीकांत कौशिक ने न्यायालय के समक्ष पक्ष रखते हुए तर्क दिया कि विभाग द्वारा सेवा समाप्ति की कार्रवाई अपनी ही मानव संसाधन



नीति के अनुरूप निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना की गई है। उन्होंने यह भी प्रस्तुत किया कि किसी भी कर्मचारी के विरुद्ध इस प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई से पूर्व निष्पक्ष एवं विधिसम्मत प्रक्रिया अपनाना आवश्यक है, किन्तु वर्तमान मामले में ऐसा नहीं किया गया। सुनवाई के दौरान न्यायालय के समक्ष यह तथ्य भी आया कि कर्मचारी के विरुद्ध सेवा समाप्ति का निर्णय पूर्ण एवं विधिसम्मत प्रक्रिया का पालन किए बिना लिया गया। न्यायालय ने माना कि केवल कारण बताओ सूचना जारी कर उत्तर प्राप्त कर लेना पर्याप्त नहीं है, बल्कि विभागीय नीति के अनुरूप आवश्यक प्रक्रिया का पालन किया जाना आवश्यक था। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि जब किसी कर्मचारी के विरुद्ध कदाचार के आरोपों के आधार पर सेवा समाप्ति की जाती है और उससे उसकी प्रतिष्ठा प्रभावित होती है, तब ऐसी कार्रवाई पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं विधिसम्मत प्रक्रिया के अनुरूप होना आवश्यक है। निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना पारित आदेश न्यायिक समीक्षा में टिक नहीं सकता। इन्हीं तथ्यों एवं कानूनी पहलुओं पर विचार करते हुए न्यायमूर्ति बिभु दत्त गुरु ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा जारी सेवा समाप्ति (बर्खास्तगी) के आदेश को निरस्त कर दिया।

# अवैध कब्जा हटाने के बाद प्रभावित परिवारों को मिला अस्थायी आवास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 4 जुलाई।** नगर निगम ने अवैध कब्जों के विरुद्ध कार्रवाई के साथ मानवीय पहल करते हुए प्रभावित सात परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अस्थायी आवास उपलब्ध कराया। शुक्रवार को निगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पारदर्शी लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से आवासों का आबंटन किया गया, ताकि स्थायी आवास बनने तक परिवारों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।गौरतलब है कि हाल ही में उच्च न्यायालय, बिलासपुर के आदेश के पालन में निगम ने अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया था। जिस भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है, वहां प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास निर्माण के लिए शासन से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। निर्माण कार्य पूरा होने तक प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था निगम द्वारा की गई है। इस अवसर पर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि सरकार और निगम का उद्देश्य केवल अवैध कब्जे हटाना नहीं, बल्कि पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों को सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराना भी है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाए रखने के लिए लॉटरी प्रणाली अपनाई गई। उन्होंने कहा कि स्थायी आवासों का निर्माण कार्य तेजी से कराया जाएगा, जिससे परिवार जल्द अपने नए घरों में प्रवेश कर सकें। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, उपायुक्त दिनेश कोसरिया, अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, उप अभियंता दीपक देवांगन, पार्षद गिरजा बंछोर, सरिता देवी तथा आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# रघुवर सिंह चंद्राकर जयंती पर मेधावी छात्र एवं शिक्षकों का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 4 जुलाई।** चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा कुर्मी भवन सेक्टर-7 में स्वर्गीय रघुवर सिंह चंद्राकर जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के मेधावी विद्यार्थियों, उत्कृष्ट शिक्षकों एवं संस्थापक सदस्यों का सम्मान किया गया। साथ ही समाज की त्रिवार्षिक पत्रिका चंद्र किरण का विमोचन भी किया गया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष कमल वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि प्रदीप चंद्राकर, अध्यक्ष चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग राज, रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष गजेंद्र चंद्राकर ने की। समारोह में कक्षा पहली से बारहवीं तक के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों–हेमांशू, मोक्ष, फलक, आयांश, दीत्या, प्रेक्षा, दानिश, हर्षिता, आश्का, हिमांशी, अथर्व, वैभवी, अंजलि, दिव्येश, इशिता, भव्या, वैष्णवी, लक्ष्य, अर्णव, मानस, माही, सिद्धार्थ, आर्य, संस्कृति और यशस्वी सहित अन्य विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. पुष्पलता अजय चंद्राकर एवं लीना अखिलेश चंद्राकर का सम्मान किया गया। वहीं समाज के प्रति समर्पित संस्थापक सदस्यों अयोध्या प्रसाद चंद्राकर, राधेश्याम चंद्राकर, राम प्रताप चंद्राकर तथा योगेश्वर नारायण चंद्राकर को 'समाज गौरव सम्मान' से अलंकृत किया गया। मुख्य अतिथि कमल वर्मा ने स्वर्गीय रघुवर सिंह चंद्राकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। अध्यक्ष गजेंद्र चंद्राकर ने स्वागत भाषण एवं अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया। पत्रिका का संपादकीय प्रधान संपादक पवन चंद्राकर ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव मोरध्वज चंद्राकर एवं पवन चंद्राकर एवं आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष राजेंद्र चंद्राकर ने किया।

## एक नजर

### चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 4 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई बीएसपी में दीवार फांदकर स्क्रैप चोरी करने वाले एक युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है भट्ठी टीआई प्रकाश कांत ने बताया प्लांट के केनाल गेट के पास बिना नंबर की स्कूटी में दो क्रॉस स्ट्रीट-4, क्वार्टर नं. 10-सी, सेक्टर-5 निवासी सोनू नायक, सेक्टर-5, सड़क नं. 17, उड़िया बस्ती पुष्पेंद्र दीप उर्फ पुष्पा सवार थे। उनके पास से 220 किलोग्राम स्क्रैप आयरन चोरी जब्त किया गया। सीआईएसएफ की क्यूआरटी टीम ने इसे रोकने का प्रयास करने पर स्कूटी में पीछे बैठा युवक सोनू अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। जबकि चालक को चोरी के सामान समेत पकड़ा गया। फरार सोनू की की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। आरोपी पुष्पेंद्र दीप उर्फ पुष्पा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। आरोपी के पास से 220 किलोग्राम स्क्रैप आयरन 5,500, स्कूटी 40,000, मोबाइल फोन 7,000 का जब्त किया गया है

### हत्या के मामले में 3 गिरफ्तार



**भिलाई, 4 जुलाई (तछसं.)।** वर्चस्व की रंजिश में हत्या के प्रयास मामले में स्मृति नगर चौकी पुलिस ने दो महिला समेत तीन को गिरफ्तार किया है स्मृति नगर चौकी प्रभारी अमित आनंद ने बताया कि पीएम आवास खम्हरिया निवासी शीतल वर्मा 1 जुलाई को मोहल्ले की आरोपी परी खान के साथ लक्की सरदार को लेकर विवाद हुआ था विवाद से नाराज होकर परी खान ने अपने पति लक्की सरदार, नागपुर बहन मुस्कान और जीजा राहुल यादव के साथ मिलकर महिला पर प्राणघातक हमला की साजिश रच दी प्लान के तहत रात 8 बजे तीनों आरोपियों ने ज्वलनशील पदार्थ लेकर शीतला के घर पहुंचे, जहां महिला के साथ मारपीट कर उसके शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर हत्या करने का प्रयास किया किसी तरह पीड़िता अपनी जान बचाकर भाग निकली फरार आरोपी को नागपुर जाने की संभावना पर पतासाजी की गई पूछताछ में आरोपियों ने पूर्व में लक्की सरदार के खिलाफ अपराध दर्ज कराने की बात से आक्रोश होकर हत्या की योजना बनाना स्वीकार किया आरोपी परी खान, मुस्कान,राहुल यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया ।

### अवैध शराब सहित युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 4 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई अवैध शराब के साथ उतई थाने पुलिस ने युवक लको गिरफ्तार किया है उतई टीआई राजेश साहू ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बिजली कार्यालय के पीछे अवैध शराब बेचने वाले मीलपारा, उतई निवासी देवराज यादव को दबिश देकर पकड़ा गया उसके पास से पुलिस ने प्लास्टिक थैले में रखे 30 पौवा देशी प्लेन शराब (5.4 बल्क लीटर) तीन हजार रुपए का जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन से जनभागीदारी समिति अध्यक्ष की सौजन्य भेंट

**अंवरी, 4 जुलाई।** सेजेस विद्यालय की नव-निर्वाचित जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्रीमती ममता चंद्राकर ने नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति हरख जैन से उनके कार्यालय में सौजन्य भेंट की। इस दौरान विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, विकास कार्यों एवं भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्रीमती ममता चंद्राकर ने बताया कि विद्यालय के सर्वांगीण विकास, विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं आवश्यक सुविधाओं के विस्तार हेतु नगर पंचायत का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने विद्यालय में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों एवं विकास कार्यों की जानकारी भी नगर पंचायत अध्यक्ष को दी। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिकृष्ण पावरिया भी उपस्थित थे।

# डिप्टी सीएम विजय शर्मा के विजन पर कबीरधाम में मेरा कचरा-मेरी जिम्मेदारी अभियान तेज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,4 जुलाई।** उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा जी के स्वच्छ छत्तीसगढ़-समृद्ध छत्तीसगढ़ के विजन पर अमल करते हुए कबीरधाम जिले में मेरा कचरा-मेरी जिम्मेदारी अभियान तेज कर दिया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू के मार्गदर्शन एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिले में वृहद जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में अक्टूबर 2026 तक ठोस अपशिस्ट नियम पूर्ण करनें हेतु जिले की 60 ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन किया गया है जिसमे चार प्रकार के अलग-अलग रंगों के डिब्बों में विभिन्न प्रकार के कचरा को एकत्रित करने का कार्य प्रारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत हरा डिब्बा - गीला कचरा, नीला डिब्बा - सूखा कचरा, लाल निशान - सेनेटरी कचरा एवं काला डिब्बा - घरेलू हानिकारक कचरा को पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहा है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा जी के संदेश कचरा अलग करेंगे, बीमारी भगाएंगे को जन-जन तक पहुंचाने के लिए स्वच्छता दीदियों एवं विभागीय अमले के माध्यम से विशेष अभियान संचालित हो रही है। महिला स्वच्छाग्राही दीदियों द्वारा डोर-टू-डोर जाकर सूखा कचरा, गीला कचरा सेनेटरी कचरे एवं विशेष कचरे को अलग-अलग एकत्रित किया जा रहा है। साथ ही कचरे को खुले में न फेंकने, नाली या सड़क पर नहीं फेंकने एवं नही जलाने के लिए ग्रामीणों को लगातार समझाइश दी जा रही है।सिंगल यूज प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने एवं इससे होने वाले पर्यावरणीय व स्वास्थ्य संबंधी नुकसान के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी जा रही है। प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े व जूट के थैलों का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि माननीय उप-मुख्यमंत्री जी की मंशानुरूप मेरा कचरा, मेरी जिम्मेदारी की भावना के साथ व्यवहार परिवर्तन लाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए ग्राम सभाओं, रैलियों, नुक्कड़ नाटक एवं शपथ कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि कबीरधम की सभी ग्राम पंचायतों को इस अभियान में विशेष रूप से शामिल चरणबद्ध से किया जाएगा । जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि डिप्टी छ्टरूसाहब के मार्गदर्शन में कबीरधाम को स्वच्छता में प्रदेश का मॉडल ब्लॉक बनाएंगे। संजय सोनी जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन - ग्रामीण द्वारा बताया गया की विभागीय अमला एवं स्वच्छ भारत मिशन -ग्रामीण में कार्यरत कर्मचारी लगातार ग्रामों में दौरा कर लोगों को कचरे का सही निपटान हेतु संदेश दे रहें है,जन जागरूकता से ही इस मिशन को सफलता मिलेगी।



## ईपीएफओ पोर्टल पर संविदा कार्यादेश अपलोड करने के लिए स्वचालित प्रणाली विकसित

**भिलाई, 4 जुलाई।** बीएसपी ने वैधानिक अनुपालन को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं डिजिटल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के पोर्टल पर संविदा कार्यादेश अपलोड करने के लिए एक स्वचालित प्रणाली विकसित की है। इस स्वचालित प्रणाली का शुभारंभ कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम एवं कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक राजीव महेंद्रु सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान स्वचालित प्रणाली का लाईव डेमोंसट्रेसन भी किया गया, जिसमें इसकी कार्यप्रणाली, सरल उपयोग, सटीकता तथा वैधानिक अनुपालन को समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित करने की क्षमता का प्रदर्शन किया गया।

# नेहरू नगर में अवैध प्रीकास्ट बाउंड्रीवाल पर चला बुलडोजर, हटाए गए अवैध कब्जे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 4 जुलाई।** नगर निगम ने अवैध अतिक्रमण और कब्जों के खिलाफ एक बार फिर सख्त कार्रवाई करते हुए नेहरू नगर क्षेत्र में चार अलग-अलग अवैध प्रीकास्ट बाउंड्रीवाल को ध्वस्त कर दिया। निगम और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने जेसीबी की मदद से कार्रवाई करते हुए सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार सभी जोन क्षेत्रों में अवैध अतिक्रमण, कब्जे और बिना अनुमति किए गए निर्माणों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जोन-1 क्षेत्र के नेहरू नगर स्थित हाईटेक हॉस्पिटल के समीप मॉडल टाउन में अवैध रूप से प्रीकास्ट बाउंड्रीवाल बनाकर दुकानें संचालित किए जाने की शिकायत निगम को मिली थी। वार्ड प्रभारी की जांच रिपोर्ट में शिकायत सही पाए जाने के बाद निगम प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई का निर्णय लिया। राजस्व विभाग, बेदखली दस्ता और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन से चारों अवैध प्रीकास्ट बाउंड्रीवाल को हटाकर कब्जा मुक्त कराया। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा, बिना अनुमति निर्माण और अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाशत नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में शिकायत मिलने पर तत्काल जांच कर नियमानुसार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### स्कूल में प्रवेशोत्सव मनाया

**अंवरी, 4 जुलाई।** हायर सेकेंडरी स्कूल जोरातराई अ में मां सरस्वती माता की मूर्ति स्थापना व प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों को मिठाई खिलाकर व नव प्रवेशी छात्राओं को पुस्तक वितरण कर प्रारंभ किया गया रखा द्य इस अवसर पर मुख्य रूप से श्री गौकरण साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष, श्रीमती गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, श्रीमती पूजा राजू सिंहा जिला पंचायत सभापति जिला पंचायत धमतरी,श्री आनंद यदु सभापति जनपद पंचायत कुरूद, पूर्णिमा साहू सरपंच का पूर्व जनपद अध्यक्ष, रामस्वरूप साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, गोविंद सिंह राजपूत प्राधिकृत अधिकारी कोलियरी, प्रकाश तारक हायर सेकेंडरी स्कूल अध्यक्ष, परमेश्वरी महेंद्र साहू पूर्व जनपद सदस्य ,टी आर साहू, नंद कुमार साहू, बंसीलाल साहू,मानक लाल साहू, धनसिंह साहू, लक्ष्मी प्रसाद साहू , प्रकाश निषाद आदि थे।



## चोरी करने वाली नौकरानी प्रेमी सहित गिरफ्तार

**भिलाई, 4 जुलाई।** भिलाई मकान मालिक के घर में चोरी करने वाली नौकरानी और उसके प्रेमी को स्मृति नगर चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है स्मृति नगर चौकी प्रभारी अमित आनंद ने बताया कि सूर्य विहार कालोनी जुनवानी निवासी रोहन कुखरानिया वृद्ध माता की देखरेख के लिए ममता चौहान को दो वर्षो से अपने घर में केयरटेकर के रूप में काम पर रखा गया था। 26-27 जून को घर में शादी कार्यक्रम होने से परिवार के सदस्य व्यस्त थे तभी मौका मिलने पर अलमारी में रखे नगदी राशि चोरी कर नौकारनी फरार हो गई। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपीया के मोबाइल नंबर का तकनीकी जांच कर उसकी लोकेशन प्राप्त किया। प्रेमी और नौकरानी को पकड़ा गया पूछताछ में सारागांव, जिला रायपुर निवासी प्रेमी शीतल वर्मा द्वारा पैसों की आवश्यकता होने पर चोरी किया आरोपिया पिथौरा, जिला महासमुंद निवासी ममता चौहान ने अपने प्रेमी के साथ चोरी करना स्वीकार किया उनके पास से पुलिस ने नगदी 23,500 और दो मोबाइल फोन जब्त किया है ।

# 40 महिला स्व-सहायता समूहों को मिला 3 माह का मानदेय और सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 4 जुलाई।** नगर निगम ने शुक्रवार को अमृत मित्र 2.0 वूमन फॉर ट्री योजना से जुड़ी 40 महिला स्व-सहायता समूहों को तीन माह का लंबित मानदेय ऑनलाइन जारी कर सम्मानित किया। निगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक रिकेश सेन, निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, उपायुक्त दिनेश कोसरिया, अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा उपस्थित रहे। अमृत मित्र 2.0 वूमन फॉर ट्री योजना के तहत कार्यरत 40 महिला स्व-सहायता समूहों के 125 महिलाओं के तीन माह से लंबित मानदेय का ऑनलाइन भुगतान उनके खातों में किया गया। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विधायक रिकेश सेन ने महिलाओं के इस महत्वपूर्ण प्रयास के लिए सराहना करते हुये लोकंगण आने का निमंत्रण दिये हैं उनका वूमेन फॉर ट्री योजना अंतर्गत रोपित पौधों के प्रति विशेष लगाव दिखा। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने महिलाओं से आग्रह किये हैं कि इस कार्य को हमेशा जारी रखा जाए जिससे शहर के हरियाली में और वृद्धि हो। निगम आयुक्त शासन के महत्वपूर्ण योजना से शहर हरियाली में वृद्धि के लिए स्व सहायता समूह के दीदियों को बधाई दिये और आगामी समय में दिक्कत ना हो, उसके लिए आश्वस्त किये। महिलाओं के सम्मान के उपरांत निगम परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं महिला समूहों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और अधिक से अधिक वृक्षारोपण का संकल्प लिया। इस अवसर पर लेखाधिकारी चंद्रभूषण साहू, उद्यान सह जनसंपर्क अधिकारी तिलेश्वर साहू, सहायक अभियंता फत्तेलाल साहू, उप अभियंता श्वेता महेश्वर, पार्षद गिरजा बंछोर, सरिता देवी सहित महिला स्व सहायता समूह की सदस्य उपस्थित रहीं।

## खंडेलवाल का स्थानांतरण, सेलट संभालेंगे पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन की कमान



**भिलाई, 4 जुलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक संजय खंडेलवाल को उनके स्थानांतरण पर आयोजित समारोह में विदाई दी गई। खंडेलवाल को अब रायपुर मुख्यालय में कार्यपालक निदेशक के पद पर पदस्थ किया गया है। खंडेलवाल के स्थान पर अब शिरीष सेलट नए कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक खंडेलवाल की पत्नी श्रीमती रितु खंडेलवाल, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एस. मनोज, इसीजीआरएफ के अध्यक्ष पी.वी.सजीव, अधीक्षण अभियंता तरुण कुमार ठाकुर, डीजीएम एच आर संतोश साहू एवं कार्यपालन अभियंता श्रीमती अनसुईया ठाकुर सहित कार्यलय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। संचालन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी डी.के.डूम्भरे एवं आभार प्रदर्शन स्टॉफ ऑफिसर बी.एस.राजपूत द्वारा किया गया।

### पीएम राहत योजना एवं ई-डार प्रणाली के क्रियान्वयन के लिए संभाग स्तरीय प्रशिक्षण दिया

**दुर्ग, 4 जुलाई ।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में सड़क दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित और प्रभावी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पीएम राहत योजना एवं ई-डार प्रणाली के क्रियान्वयन के लिए संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का संचालन राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के तकनीकी निदेशक श्री अमित देवांगन, स्टेट मैनेजर श्री सारांश ने किया।

# किसानों के हितों की रक्षा के लिए मैदानी स्तर पर कृषि विभाग सक्रिय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दुर्ग, 4 जुलाई ।** खरीफ सीजन 2026 को ध्यान में रखते हुए किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय निरीक्षण दल एवं जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा मेसर्स अथर्वा एग्रो कैमिकल प्राईवेट लिमिटेड, रवेलीडीह विकासखंड दुर्ग का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परिसर में कीटनाशकों के विनिर्माण संबंधि दस्तावेजों के अवलोकन से पाया गया कि अधिकांश कीटनाशकों का टेक्निकल ग्रेड क्रय किया गया है परंतु कुछ उत्पाद का सीधे फार्मूलेटेड कीटनाशक विभिन्न कंपनियों से भारी मात्रा में क्रय कर अपनी पैकेंजिग में पैक कर विक्रय किया गया, इस हेतु स्पष्ट दस्तावेज निरीक्षण दल को अवलोकन नही कराये जाने के कारण कीटनाशी अधिनियम 1968 के तहत कीटनाशक दवाइयों ग्लूफोसिनेट अमोनियम 13.5 प्रतिशत एल 780 लीटर, इमाजेथापायर 1200 लीटर, कार्टाप हाइड्रोक्लोराइड 5 प्रतिशत एसपी 1065 कि.ग्रा, पेंडिमेथालिन 38.7 प्रतिशत सीएस 84 लीटर, ग्लाइफोसेट आइपीएस साल्ट 41 प्रतिशत एसएल 3310 लीटर, का विक्रय प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही विभिन्न ग्रेड के उर्वरक आयात एवं बायोस्टीमुलेन्ट के विनिर्माण अनुज्ञापन के संबंध में पूछे जाने पर कंपनी द्वारा विभिन्न ग्रेड के वाटर साल्यूवल उर्वरकों का क्रय किया जाना बताया गया, लेकिन दस्तावेज निरीक्षण दल को अवलोकन नही कराये गये, जो कि उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 उल्लंघन होने के कारण एनपीके 16:08:24 960 कि.ग्रा व एनपीके 19:19:19 660 कि.ग्रा. उर्वरक के विक्रय को प्रतिबंधित किया गया।कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि किसानों को खाद-बीज की किल्लत पैदा करने वाले, कालाबाजारी करने वाले या बिना वैध दस्तावेजों के अमानक उर्वरक/कीटनाशक औषधि विक्रय करने वाले कृषि केन्द्रों पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 एवं कीटनाशक अधिनियम 1968 के तहत कड़ी कार्यवाही की जाएगी। यदि भविष्य में कोई भी विक्रेता अथवा निर्माता द्वारा नियमों का उल्लंघन करते पाया जाता है, तो उसका लाइसेंस निलंबित/निरस्त करने के साथ-साथ वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही सभी उर्वरक विक्रेताओं एवं समितियों को निर्देशित किया है कि किसानों को निर्धारित दर पर ही उर्वरक उपलब्ध कराएं तथा अधिक मूल्य वसूली की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। विभाग द्वारा खरीफ सीजन में उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की सतत निगरानी की जा रही है। निर्धारित दर से अधिक दाम पर विक्रय किए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। किसान भाई किसी भी प्रकार की उर्वरक वितरण में अनियमितता पाये जाने पर इसकी शिकायत नजदीकी कृषि विभाग के कार्यालय में कर सकते हैं। राज्य स्तरीय निरीक्षण दल- श्री मयंक बघेल उप संचालक कृषि, श्री हर्ष मिश्रा सहायक संचालक कृषि, श्री जितेन्द्र ठाकुर सहायक संचालक कृषि एवं जिला स्तरीय निरीक्षण दल- श्री संदीप कुमार भोई उप संचालक कृषि दुर्ग, श्रीमती निलिमा राजपूत उर्वरक निरीक्षक सिरसा, सुनील सिंगौर ग्रा.कृ.वि.अ तथा श्री पवन कुमार देवांगन ग्रा.कृ.वि.अ ने संयुक्त रूप से मिल कर उपरोक्त कार्यवाही की।

### चार वार्डों में सड़क,नाली एवं पुलिया निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों का महापौर ने किया भूमिपूजन

**दुर्ग, 4 जुलाई।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में लगातार विकास कार्यों को गति दी जा रही है। इसी क्रम में आज महापौर अलका बाघमार ने वार्ड क्रमांक 47, 04, 09 एवं 54 में सड़क, नाली एवं पुलिया निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यो का विधिवत भूमिपूजन कर निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया।वार्ड क्रमांक 47 सिविल लाइन उत्तर में मनीष राजपूत के घर से गीता बाघ के घर तक आरसीसी नाली एवं पुलिया निर्माण, गिरधारी किराना स्टोर से शिखर प्रसाद के घर तक सीसी रोड निर्माण तथा दीपक मोटवानी के घर से जगदीश पाल के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

## निधन

### रुक्मणी बंछोर

**भिलाई, 4 जुलाई।** नगर निगम रिसाली के सभापति केशव बंछोर की माता रुक्मणी बंछोर का



शुक्रवार को सुबह साढ़े पांच बजे निधन हो गया। वे अपने पीछे पुत्र रवि, संजय पुत्री सपना सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार रिसाली मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व विधायक अरुण वोरा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि, नगर निगम रिसाली के अधिकारी- कर्मचारी एवं विभिन्न समाजों के नागरिकगण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प, भाजपा महिला मोर्चा ने दिया डिजिटल प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा/रायपुर 4 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, जिला रायपुर ग्रामीण द्वारा गुरुवार को तिल्दा स्थित भाजपा कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं डिजिटल प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला, मंडल एवं बूथ स्तर की महिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और राष्ट्रसेवा व संगठन सशक्तिकरण का संकल्प लिया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग की उपाध्यक्ष चन्द्रकांती वर्मा ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए समर्पित रहा। उनके आदर्श आज भी प्रत्येक राष्ट्रभक्त के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। द्वितीय सत्र में डिजिटल प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रभारी प्रीति परगनिहा, सह प्रभारी रेखा सोनकर, कार्यक्रम संयोजक भारती बागल तथा किरण सिंह ने सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। वक्ताओं ने बताया कि वर्तमान समय में डिजिटल माध्यम संगठन की विचारधारा, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं संगठनात्मक गतिविधियों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन चुका है। कार्यकर्ताओं से डिजिटल मंचों का जिम्मेदारी, सकारात्मकता एवं तथ्यपरकता के साथ उपयोग करने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रश्मि वर्मा, जिला महामंत्री स्वाति वर्मा, जिला महामंत्री ओम कुमारी साहू, तिल्दा शहर मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष रानी सौरभ जैन, पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, जिला पंचायत सभापति शैल साहू सहित जिला, मंडल एवं बूथ स्तर की अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बहनें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री स्वाति वर्मा ने किया। अंत में तिल्दा शहर मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष रानी सौरभ जैन ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है और सभी से संगठन के कार्यक्रमों एवं जनसंपर्क अभियानों में बढ़-चढ़कर सहभागिता का आह्वान किया।

# डोंगरगढ़ मुड़पार-पारागांव में अवैध रेत भंडारण का आरोप

## बरसात में ऊंचे दामों पर बिक्री की तैयारी कार्रवाई की मांग तेज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 4 जुलाई।** डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मुड़पार, पारागांव खुर्द एवं पारागांव कला में बड़े पैमाने पर अवैध रेत भंडारण किए जाने का आरोप सामने आया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नदी से रेत निकालने वाले कुछ लोगों द्वारा पहले अवैध उत्खनन और परिवहन किया गया, जिसके बाद अब बरसात के मौसम में अधिक कीमत पर बेचने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर रेत का भंडारण किया गया है।

ग्रामीणों के अनुसार, ग्राम मुरमुंदा से मुड़पार जाने वाले मार्ग के दोनों ओर बड़ी मात्रा में रेत का ढेर लगाया गया है, जो खुलेआम दिखाई देता है। इसके बावजूद अब तक राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से लोगों में नाराजगी है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि विभागीय उदासीनता या कथित मिलीभगत के कारण रेत कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं और उन्हें कार्रवाई का कोई भय नहीं है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि जिन लोगों ने रेत का भंडारण किया है, वे भंडारण स्थल के आसपास लाल ईंटें रखकर इसे प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए रखी गई सामग्री बताने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि जांच या कार्रवाई से बचा जा सके। हालांकि स्थानीय लोगों का दावा है कि संबंधित व्यक्तियों के पहले से पक्के मकान हैं, इसलिए इस दावे की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि जिला कलेक्टर श्री जितेंद्र यादव द्वारा अवैध रेत, मुरूम उत्खनन, अवैध परिवहन तथा पेड़ों की अवैध कटाई के मामलों में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए जा चुके हैं। ऐसे में क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि इस मामले की भी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि मुड़पार, पारागांव खुर्द, पारागांव कला एवं आसपास के क्षेत्रों में किए गए रेत भंडारण की संयुक्त जांच कराई जाए, वैध अनुमति और दस्तावेजों का सत्यापन किया जाए तथा यदि अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध खनिज एवं राजस्व नियमों के तहत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# सेवानिवृत्ति के साथ मिला सम्मान और अधिकार नगर पालिका ने उसी दिन सौंपा 3 लाख का चेक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा 4 जुलाई।** नगर पालिका परिषद स्वास्थ्य विभाग की सेवानिवृत्त कर्मचारी रानी बाई राठौर को विदाई समारोह के दौरान ही ?3 लाख की अवकाश नकदीकरण राशि का चेक सौंपकर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सेवानिवृत्ति के साथ ही देय राशि का तत्काल भुगतान होने पर कर्मचारियों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने नगर पालिका प्रशासन की इस पहल की सराहना की। अपने संबोधन में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि नगर पालिका की वास्तविक शक्ति उसके कर्मचारी हैं, जो हर परिस्थिति में नागरिकों की सेवा के लिए समर्पित रहते हैं। उन्होंने कहा कि रानी बाई राठौर ने अपने लंबे सेवाकाल में स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से शहर की स्वच्छता एवं जनस्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवकुमार यादव ने कहा कि कर्मचारियों का समर्पण ही किसी संस्था की सबसे बड़ी पूंजी होता है। उन्होंने रानी बाई राठौर के सेवाभाव की प्रशंसा करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानपूर्ण सेवानिवृत्त जीवन की शुभकामनाएँ दीं। गरिमामय समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवकुमार यादव, सभापति मनीष मिश्रा, पार्षद भुवन सिंह ठाकुर, नंदकिशोर वैष्णव, संतीश साहू,श्रेणिक गोलछा, सभापति प्रतिनिधि देवेंद्र साहू,दशरथ साहू, अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने रानी बाई राठौर का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया तथा उनके वर्षों के समर्पित सेवाकाल की सराहना की।

### सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धः राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा

**रायपुर, 4 जुलाई।** राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने आज बलौदाबाजार–भाटापारा जिला के बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम पंचायत देवरी के ग्रामीणों को बड़ी सौगात देते हुए 44 लाख रुपये की लागत वाले तीन महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि सरकार की लोक–कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ आज गांव–गांव और घर–घर तक पहुंच रहा है, जिससे ग्रामीण अंचलों में खुशहाली और समृद्धि का एक नया दौर दिखाई दे रहा है। राजस्व मंत्री ने जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए ग्राम देवरी में 20 लाख रुपये की लागत से निर्मित चेक डैम का लोकार्पण किया गया। इसी प्रकार महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिए 16 लाख रुपये की लागत से बने भव्य 'महतारी सदन' भवन का उद्घाटन तथा सामुदायिक आयोजनों की सुविधा के लिए 8 लाख रुपये की लागत से बनने वाले शेड निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई।

# कलेक्टर की पहल से उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के 34 गांवों की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए कार्ययोजना तैयार करने बनी सहमति



**नगरी 4 जुलाई।** उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के 34 प्रभावित गांवों की वर्षों पुरानी मूलभूत समस्याओं के समाधान की दिशा में जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल की है। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को नगरी जनपद पंचायत सभाकक्ष में जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और जल-जंगल-जमीन संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक आयोजित हुई। बैठक में सड़क, पुल-पुलिया, बिजली, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, वनग्रामों के राजस्व ग्राम में परिवर्तन तथा पर्यटन विकास जैसे अहम मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई और समाधान के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर सहमति बनी।

बैठक में संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने बताया कि क्षेत्रवासी पिछले दो से तीन दशकों से मूलभूत सुविधाओं की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक अपेक्षित विकास नहीं हो पाया है। इस पर कलेक्टर अविनाश मिश्रा ने कहा कि प्रशासन भी चाहता है कि टाइगर रिजर्व क्षेत्र के लोगों को सभी आवश्यक सुविधाएं मिलें। हालांकि वन एवं न्यायालय से जुड़े कुछ कानूनी प्रावधानों के कारण कार्यों में विलंब हुआ है। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों को तत्काल किया जा सकता है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

कलेक्टर ने बताया कि अरसीकन्हार-रिसगांव सड़क निर्माण के प्रयास जारी हैं तथा बेलरगांव-बोरई सड़क स्वीकृत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान जिन गांवों का संपर्क टूट जाता है, वहां पहले पुल और पुलिया का निर्माण कराया जाएगा, ताकि लोगों को वर्षभर आवागमन की सुविधा मिल सके। स्टील ब्रिज सहित छोटे पुलों के निर्माण को भी प्राथमिकता में रखा जाएगा। बैठक में विधायक सिहावा श्रीमती अंबिका मरकाम ने कहा कि उदंती-सीतानदी क्षेत्र के ग्रामीण लंबे समय से सड़क, पुल-पुलिया, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि टाइगर रिजर्व क्षेत्र में रहने वाले लोगों के विकास और उनके संवैधानिक अधिकारों को सुनिश्चित करना सरकार और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। विधायक ने प्रशासन से विकास कार्यों में तेजी लाने, ग्रामीणों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करने तथा वन संरक्षण और जनहित के बीच संतुलन बनाकर योजनाओं को धरातल पर उतारने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के डीएफओ श्री वरुण जैन ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार कोर टाइगर रिजर्व क्षेत्र में स्थायी पक्के निर्माण की अनुमति नहीं है। ऐसे में ग्रामीणों की सहमति और नियमानुसार कच्ची सड़कों का निर्माण कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास है, इसलिए विकास कार्यों में पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

**सौर ऊर्जा से मजबूत होगी बिजली व्यवस्थाः** बैठक में क्रेडा अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में टाइगर रिजर्व क्षेत्र के 19 गांव सौर ऊर्जा से विद्युतीकृत हैं। पहले 30 वाट क्षमता की व्यवस्था थी, जिसे बढ़ाकर 700 वाट करने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था और उसे स्वीकृति भी मिल गई है।

## एक नजर

### स्कोडा ऑटो इंडिया ने एच 1 2026 में बनाया नया बिक्री रिकॉर्ड, 38,894 वाहनों की बिक्री


**बिलासपुर 4 जुलाई।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने वर्ष 2026 की पहली छमाही में शानदार प्रदर्शन करते हुए 38,894 वाहनों की बिक्री दर्ज की है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 7.5 प्रतिशत अधिक है। लगातार दूसरे वर्ष कंपनी ने अपनी सर्वाधिक अर्धवार्षिक बिक्री का रिकॉर्ड बनाया है, जिससे भारतीय बाजार में ब्रांड की मजबूत पकड़ और ग्राहकों का बढ़ता भरोसा स्पष्ट होता है। कंपनी के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा कि उत्पाद-केंद्रित रणनीति, ग्राहक-प्रथम पहल और उत्कृष्ट स्वामित्व अनुभव पर फोकस के कारण यह उपलब्धि हासिल हुई है। नई कुशाक, अपडेटेड कोडियाक, कोडियाक आरएस, कायलैक और स्लाविया को ग्राहकों से बेहतर प्रतिक्रिया मिली है। इनमें कोडियाक आरएस की सभी यूनिट्स केवल छह मिनट में बिक गईं। कंपनी ने देशभर में अपने नेटवर्क का विस्तार करते हुए 340 से अधिक टचपॉइंट्स स्थापित किए हैं और ग्राहकों की सुविधा के लिए स्कोडा एक्सप्रेस केयर सेवा भी शुरू की है। इसके अलावा, स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपने मोटरस्पोर्ट अभियान के तहत इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी स्थान हासिल कर अपनी प्रदर्शन क्षमता को नई पहचान दिलाई है।

### फ्लिपकार्ट गॉट सेल में एआई+ स्मार्टफोन के खास ऑफर्स, पल्स 2 सिर्फ 8,999 में मिलेगा

**रायपुर 4 जुलाई।** एआई+ स्मार्टफोन ने फ्लिपकार्ट की गॉट सेल के लिए अपने स्मार्टफोन्स और एआईओटी प्रोडक्ट्स पर आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की है। फ्लिपकार्ट प्लस ग्राहकों के लिए सेल 3 जुलाई से शुरू हो गई है, जबकि 4 जुलाई से सभी ग्राहक इन ऑफर्स का लाभ उठा सकेंगे। इस सेल में कंपनी का एआई+ पल्स 2 स्मार्टफोन अब तक की सबसे कम कीमत ?8,999 में उपलब्ध कराया जा रहा है। कंपनी ने बताया कि एआई+ पल्स 2 के अलावा नोवा 2, नोवा 2 नियो, नोवा 2 प्रो, नोवा 2 अल्ट्रा और एआई+ फ्लिप जैसे स्मार्टफोन्स पर भी विशेष ऑफर्स दिए जा रहे हैं। वहीं एआईओटी कैटेगरी में नोवावॉच एक्टिव, नोवावॉच किड्स 4जी, वेयरबड्स, नोवापॉड्स गो और पल्स टैब पर भी आकर्षक छूट मिलेगी। खास बात यह है कि नोवावॉच रोटेटकैम 4जी पहली बार फ्लिपकार्ट गॉट सेल के दौरान बिक्री के लिए उपलब्ध होगी। एआई+ स्मार्टफोन के सीईओ एवं एनएक्सटीक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीस के संस्थापक माधव शेठ ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य हर बजट के ग्राहकों तक भरोसेमंद परफॉर्मेंस, क्लीन सॉफ्टवेयर और बेहतर वैल्यू वाले प्रोडक्ट्स पहुंचाना है। फ्लिपकार्ट गॉट सेल के जरिए ग्राहकों को एआई+ के स्मार्टफोन्स और कनेक्टेड डिवाइसेस पर बेहतरीन बचत का अवसर मिलेगा।

### खार में मिली व्यक्ति की लाश

**सिमगा 4 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिल्दा रोड सिमगा के खार में एक



अज्ञात व्यक्ति का शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला है। थाना सिमगा द्वारा मौके पर पहुंचकर तस्दीक की गई। एक व्यक्ति का शव खेत में बबूल पेड़ के नीचे पड़ा हुआ था।उक्त शव की पहचान अवध राम डहरे के रूप में हुई। वह 30 जून को अपने गाय बैल को खोजने के लिए खार तरफ गया था।शव बबूल के पेड़ के नीचे पाया गया है तथा पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरने के चिन्ह दिख रहे हैं।संभवत पशुओं को खोजने के दौरान अत्यधिक बारिश के कारण मृतक बबूल झाड़ के नीचे बैठा था तभी आकाशीय बिजली से अवध राम की मृत्यु हो गई होगी।

### भीमभौरी में अवैध वृक्ष कटाई पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**रायपुर, 4 जुलाई।** रेंगाखार तहसील के ग्राम भीमभौरी में आम के पेड़ों की अवैध कटाई और लकड़ी के अवैध परिवहन के मामले में जिला प्रशासन ने त्वरित और सख्त कार्रवाई की है। राजस्व, वन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए लकड़ी से भरा एक ट्रक और एक क्रेन जब्त कर पुलिस की सुपुर्दगी में सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार, नायब तहसीलदार श्री प्रेमनारायण साहू को ग्राम भीमभौरी में अवैध वृक्ष कटाई की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही वे राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान खसरा क्रमांक 108 में 12 आम के पेड़ अवैध रूप से कटे हुए पाए गए। कटी हुई लकड़ी को परिवहन के लिए तैयार किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान लकड़ी पर वन विभाग की मुहर लगी दिखाई दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग को बुलाया गया। मौके पर पहुंचे डिप्टी रेंजर श्री भूपेंद्र कुमार ने जांच की, जिसमें यह मुहर फर्जी पाई गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि अवैध लकड़ी को वैध दिखाने के लिए वन विभाग की नकली सील का उपयोग किया गया था। प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला कि कटे हुए आम के लट्ठों को मध्य प्रदेश के इंदौर भेजने की तैयारी थी। प्रशासन की समय पर कार्रवाई से अवैध परिवहन को रोक दिया गया।

### निधन

**चंद्रप्रकाश तिवारी**

**डोंगरगढ़ 4 जुलाई।** अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि डोंगरगढ़ निवासी श्री चंद्रप्रकाश



तिवारी (चंदू महाराज) उम्र 84 वर्ष का गुरुवार की रात्रि अस्वस्था के चलते आकस्मिक निधन हो गया जिनकी अंतिम शोक यात्रा शुक्रवार को निज निवास से छिरपानी मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक सहित सामाजिक संस्थानों के लोग शामिल हुए।

# हरदीभांठा भूमि डायवर्जन मामले में किसान सोमनाथ देवांगन की याचिका पर अंतरिम आदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**नगरी 4 जुलाई।** हरदीभांठा के बहुचर्चित भूमि डायवर्जन मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश जारी करते हुए कलेक्टर के व्यावसायिक भूमि डायवर्जन संबंधी आदेश के प्रभाव और क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है। न्यायालय ने प्रथम दृष्टया पाया कि कलेक्टर ने अपना आदेश ऐसे कानूनी प्रावधान के आधार पर पारित किया, जिसे वर्ष 2012 में ही कानून से हटा दिया गया था। यह आदेश 23 जून 2026 को न्यायमूर्ति अमितेंद्र किशोर प्रसाद की एकलपीठ ने 'सोमनाथ देवांगन बनाम छत्तीसगढ़ राज्य' में पारित किया।

याचिकाकर्ता किसान सोमनाथ देवांगन की ओर से अधिवक्ता सुश्री अष्ट शुक्ला ने न्यायालय को बताया कि संबंधित कलेक्टर ने हरदीभांठा स्थित भूमि के व्यावसायिक डायवर्जन का आदेश ऐसे प्रावधान के आधार पर पारित किया, जिसे छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 से काफी पहले ही समाप्त किया जा चुका है। ऐसे में कलेक्टर के पास उक्त आदेश पारित करने का वैधानिक अधिकार ही नहीं था और यह आदेश अधिकार क्षेत्र से बाहर है। सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता राजकुमार गुप्ता ने पक्ष रखा। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने संहिता की धारा 237(2) का परीक्षण किया और पाया कि यह धारा 16 जनवरी 2012 को ही समाप्त कर दी गई थी। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि कलेक्टर ने समाप्त हो चुकी धारा के आधार पर आदेश पारित किया है। इसी कारण न्यायालय ने 30 मार्च 2026 के विवादित डायवर्जन आदेश के प्रभाव एवं अमल पर अगली सुनवाई तक तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। इस दौरान राज्य शासन की ओर से जवाब प्रस्तुत करने के लिए समय मांगा गया, जिसे स्वीकार करते हुए हाईकोर्ट ने चार सप्ताह का समय प्रदान किया। मामले की अगली सुनवाई अब लगभग छह सप्ताह बाद होगी।

क्या है फैसले का महत्व?

यह अंतरिम आदेश इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि न्यायालय ने स्पष्ट संकेत दिया है कि प्रशासनिक आदेश केवल वर्तमान और वैध कानूनी प्रावधानों के आधार पर ही पारित किए जा सकते हैं। यदि किसी समाप्त या निरस्त प्रावधान का सहारा लेकर आदेश जारी किया जाता है, तो उसकी वैधानिकता न्यायिक समीक्षा के दायरे में आएगी।

# सिमगा लिमतरा विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**लिमतरा 4 जुलाई।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय, लिमतरा में शुक्रवार को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच श्रीमती नेहा मुरली शर्मा, एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती रानू निषाद, द्वय संस्था प्रभारी श्री गजेंद्र राव जगताप एवं श्री भागबली साहू की विशेष उपस्थिति रही। अतिथियों ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्पमालाओं से स्वागत किया तथा उन्हें नियमित अध्ययन, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रेरित किया। पालकों से भी बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में एसएमसी के समस्त सदस्य, विद्यालय का समस्त स्टाफ, पालकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से शाला प्रवेश उत्सव गरिमामय एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### भव्य वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव



**सिमगा 4 जुलाई।** अत्यंत हर्ष का विषय है की संत शिरोमणि आचार्य गुरुवार श्री 108 विद्यासागर जी महाराज एवं नवाचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से उनके परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री आगम सागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 पुनीत सागर जी महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य में कल दिनांक 3/07/2026 दिन शुक्रवार को श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सिमगा में नवीन वेदी में श्री जी की वेदी प्रतिष्ठा संपन्न होने जा रही है। परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 आगम सागर जी महाराज एवं परम पूज्य मुनि श्री 108 पुनीत सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में एक एतेहासिक एवं अतिशय कारी कार्य को संपन्न किया गया जिसमे 24 घंटो के अंदर नवीन वेदी का निर्माण किया गया एवं अगले ही दिन पुरे विधि विधान से प्रातः ध्वजा रोहण, वेदी शुद्धि, याग मण्डल विधान, श्री जी का नवीन वेदी पर प्रतिष्ठा एवं अंत में शान्तिनाथ महामंडल विधान करवा कर मंगल उद्बोधन तत्पश्चायत रायपुर की और विहार सम्पन्त्र हुआ। शायद छत्तीसगढ़ के इतिहास में प्रथम बार ऐसी कोई घटना हुई जिसमे 24 घंटे में 1 नवीन वेदी का निर्माण हुआ और तुरंत ही वेदी प्रतिष्ठा हुई हो या मुनि श्री के सानिध्य में 4 दिन के प्रवास में 3 बड़े विधान संपन्त्र करवाये गए हो।

## वोट के लिए केजरीवाल ने पार्टी को सनातनी बना दिया

राजनीति का परम लक्ष्य है जनता का ज्यादा वोट हासिल करना और सत्ता पर काबिज होना।लोकतंत्र में सबसे ज्यादा वोट मिलने पर ही सत्ता मिलती है, इसलिए ज्यादा वोट हासिल करने के लिए राजनीतिक दलों के नेता कुछ भी कहते है, कुछ भी करते हैं।सबसे ज्यादा वोट सबसे बड़े समुदाय,सबसे बड़े समाज से मिल सकता है और देश में सबसे बड़ा समाज हिंदू समाज है, सनातनी समाज है। इसे बहुसंख्यक समाज भी कहा जाता है और माना जाता है क्योंकि यह देश की आबादी का ८० प्रतिशत माना जाता है और बाकी समाज सब मिलकर २० प्रतिशत माने जाते हैं।सीधी सी बात है कि जिसे चुनाव जीतना है उसे ८० प्रतिशत लोगों का वोट मिलना चाहिए। वह २० प्रतिशत के जरिए तो सत्ता पर आ नहीं सकता।इसलिए इस देश में अब ८० लोगों के वोट हासिल करने के लिए सभी राजनीतिक दल कई तरह से प्रयास करते हैं। कोई बीस प्रतिशत समाज के वोट के बाद बहुसंख्यक समाज को दलित,अगड़ा,पिछड़ा.अति दलित, अति दलित,आदिवासी,जाति,धर्म,भाषा,क्षेत्र के नाम पर टुकड़ो में बांटकर सत्ता प्राप्त करता रहा है।तब राजनीति करने वालों को लगता था कि २० प्रतिशत वोट बाकी समाज का मिल जाए और २५ प्रतिशत वोट जाति,धर्म,भाषा,वर्ग के नाम पर मिल जाए तो सरकार बनाई जा सकती है। २०१४ तक २० प्रतिशत वोट अल्पसंख्यकों का मिल जाए तो राजनीतिक दल की जीत तय मानी जाती थी क्योंकि माना जाता था कि बाकी धर्म,जाति,वर्ग,भाषा में बंटे हुए लोग तो वोट तो देंगे ही।यानी बहुसंख्यक समाज का वोट किसी राजनीतिक दल की जीत के लिए जरूरी नहीं माना जाता था। अल्पसंख्यक वर्ग का वोट जीत के प्रभावी व निर्णायक माना जाता था। सब यही राजनीति करते थे यानी अल्पसंख्यकों को ज्यादा महत्व देकर बहुसंख्यक को कम महत्व देने की क्योंकि वह जाति,धर्म,भाषा व क्षेत्र के नाम बांट दिए जाने के कारण बंटा हुआ था।तब इसी लिए कई लोग गर्व से कह जाते थे कि देश के संसाधन पर पहला हक अल्पसंख्यक समुदाय का है।२०१४ के बाद देश की पूरी राजनीति बदल गई है। क्योंकि देश में पहली बार ऐसा नेतृत्व सामने आया है जिसने बहुसंख्यक समाज को एकजुट किया है और उनको हिंदू समाज,सनातनी के नाम देकर एहसास कराया है कि इस देश में तुम्हारी आबादी सबसे ज्यादा है। इसलिए राजनीति में सबसे ज्यादा प्रभावी व निर्णायक भी तुमको ही होना चाहिए और १४ के बाद पहली बार हिंदू समाज जागा है, सनातनी चेतना देश में पैदा हुई है। और पहली बार ऐसी सरकार बनी है जिसको हिंदू समाज व सनातनी समाज की फिक्र है. इससे एक चक्र चल रहा है कि सनातनी चेतना से देश मे सनातनी सरकार बन रही है और सनातनी सरकार देश में सनातनी चेतना का विस्तार कर रही है। पिछले १२ साल मे इसी सनातनी चेतना के विस्तार से कई राज्यों में जहां सनातनी सरकार की कल्पना नहीं की जा सकती थी अब सनातनी सरकार बन रही है, पहली बार बन रही है। यानी देश के कई राज्यो में अब सनातनी चेतना का विस्तार हो रहा है।इसी का प्रभाव है कि केजरीवाल जैसे अराजकतावादी नेता को भी कहना पड़ रहा है कि उनकी पार्टी यानी आम आदमी पार्टी ही सच्ची सनातनी पार्टी है।आम आदमी पार्टी ने सनातन मूल्यों के प्रति सच्ची श्रध्दा से काम किया है।जबकि भाजपा ने राजनीतिक लाभ के लिए भगवान राम के नाम का इस्तेमाल किया है।अब केजरीवाल सनातनी हो गए हैं तो वह कैसे और क्यों सनातनी है इसे वह साफ नही करते हैं, वह यह बताने का प्रयास करते हैं कि भाजपा क्यों सनातनी पार्टी नहीं है।केजरीवाल के अनुसार भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने अब तक दो साल के बाद भी भगवान राम के मंदिर में पूजा अर्चना नहीं की है,इसलिए भाजपा सनातनी पार्टी नहीं है और केजरीवाल ने दो साल के बाद राम मंदिर आकर पूजा अर्चना कर ली है इसलिए केजरीवाल के साथ पूरी पार्टी सच्ची सनातनी पार्टी हो गई है। केजरीवाल जो करें कम है, जो कहे कम है,वह सत्ता के लिए कुछ भी कहते रहे है, कुछ भी करते रहे हैं।अब तक दिल्ली के बाद पंजाब में उन्होंने मुफ्त वाली राजनीति कर सत्ता हासिल करते रहे हैं. उनका एक सूत्री फार्मूला रहा है कि तुम मुझे सत्ता दो मैं तुम्हें बिजली,पानी,शिक्षा,उपचार मुफ्त दूंगा।वह खुद को सबसे ज्यादा यानी कट्टर ईमानदार बताते रहे हैं और दूसरों को कट्टर बेईमान। वह लोगों को चालाकी से इस बात का एहसास कराते थे कि बाकी लोग बेईमान हैं,मैं ही ईमानदार हूं।१५ साल में उनके मुफ्त के वादे की पोल खुल गई है और कट्टर ईमानदार का नकाब भी उतर गया है।इसलिए अब वह सच्चे सनातनी का रूप धरकर सनातनियों को ठगने के लिए मैदान में उतर गए हैं।वह देश व दुनियां के पहले ऐसे नेता हैं जिनके राम लला के दर्शन पूजन करने से पूरी पार्टी सनातनी हो गई,सच्ची सनातनी हो गई और भाजपा के कई दशकों से राम लला के मंदिर के लिए लड़ने वाली, मंदिर निर्माण मे अहम भूमिका निबाहने वाली मात्र इसलिए सनातनी नहीं है कि उसके कई वरिष्ठ नेताओं ने अब तक राम मंदिर आकर दर्शन पूजन नहीं किया है। केजरीवाल इसलिए सनातनी हैं कि वह राम के नाम पर वोट नहीं मांगते है, वह राम को भगवान मानते हैं। भाजपा राम के नाम पर वोट मांगती है और उनको भगवान नहीं मानती है, इसलिए भाजपा सनातनी नहीं है। राम मंदिर चढ़ावे की चोरी से अन्य नेताओं की तरह केजरीवाल को भी मौका मिल गया खुद को सनातनी कहने और दूसरो को असनातनी कहने का।केजरीवाल की आदत है कि जब वह खुद को ईमानदार कहते हैं तो बाकी सब नेताओं का बेईमान आसानी से कह देते हैं, यही वजह है कि आज जब वह खुद को राम मंदिर जाकर खुद का सनातनी और पूरी पार्टी को सनातनी कह रहे हैं सिर्फ भाजपा नहीं, वह विपक्ष की कांग्रेस,सपा,बसपा उन सभी पार्टियों का असनातनी कह रहे हैं जो आज तक राम मंदिर जाकर दर्शन पूजन नहीं कर पाए हैं।केजरीवाल खुद को पार्टी को सनातनी इसलिए भी कह रहे हैं कि पंजाब उनके सीएम को अकालतख्त ने पंथविरोधी गुरुद्रोही माना है। इससे उनकी सत्ता पर सवालिया निशान लग गया है,माना जा रहा है कि आप के लिए इसी वजह से फिर से चुनाव पंजाब में जीतना मुश्किल हो गया है।

राजनीति

# भारत-जापान की नई रणनीतिक साझेदारी से बदलेंगे एशिया के शक्ति समीकरण

**अजय कुमार,**

नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में गुरुवार को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची को अपनी 'छोटी बहन' कहकर संबोधित किया, तब यह केवल शिष्टाचार का एक वाक्य नहीं था। कूटनीति की दुनिया में शब्द अक्सर दस्तावेजों से ज्यादा गहरे संदेश देते हैं। इस संबोधन के पीछे वह भरोसा छिपा था, जिसे भारत और जापान ने पिछले ढाई दशकों में धीरे-धीरे तैयार किया है। लेकिन इस मुलाकात की असली अहमियत भावनात्मक रिश्ते से कहीं आगे है। यह उस दौर में हुई है, जब एशिया की राजनीति नए मोड़ पर खड़ी है, चीन का बढ़ता दबदबा पड़ोसी देशों की चिंता बढ़ा रहा है, वैश्विक सप्लाई चेन नए ठिकाने तलाश रही है और तकनीक भविष्य की सबसे बड़ी ताकत बन चुकी है। ऐसे समय में भारत और जापान ने दुनिया को यह संकेत दिया है कि दोनों देशों की साझेदारी अब केवल निवेश और व्यापार तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि रक्षा, तकनीक, ऊर्जा और सामरिक सुरक्षा की नई धुरी बनने जा रही है। भारत और जापान के रिश्तों की सबसे बड़ी खासियत यह रही है कि इनमें कभी उतार-चढ़ाव की राजनीति नहीं दिखी। 1952 में राजनयिक संबंध स्थापित होने के बाद दोनों देशों के बीच विश्वास लगातार बढ़ता गया। 2000 में रिश्तों को नई दिशा मिली, 2006 में उन्हें 'स्ट्रैटेजिक एंड ग्लोबल पार्टनरशिप' का दर्जा मिला और 2014 में इन्हें 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक एंड ग्लोबल पार्टनरशिप' में बदल दिया गया। यह वही दौर था, जब जापान ने भारत को केवल एक बड़ा बाजार नहीं, बल्कि एशिया में सबसे भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखना शुरू किया। दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल, मेट्रो परियोजनाएं और औद्योगिक टाउनशिप जैसे दर्जनों बड़े प्रोजेक्ट इसी सोच का परिणाम हैं। जापान ने पिछले दो दशकों में भारत में अरबों डॉलर का निवेश किया और आज करीब 1,400 जापानी कंपनियां भारतीय बाजार में सक्रिय हैं।

लेकिन इस बार का शिखर सम्मेलन इसलिए अलग था क्योंकि पहली बार दोनों देशों ने रक्षा सह-विकास समझौते पर हस्ताक्षर किए। अब तक भारत और जापान संयुक्त नौसैनिक अभ्यास, रक्षा संवाद और समुद्री सुरक्षा तक सहयोग कर रहे थे, लेकिन रक्षा तकनीक के संयुक्त विकास की दिशा में यह पहला कदम है। इसका मतलब केवल हथियार बनाना नहीं है। इसका अर्थ है कि आने वाले वर्षों में दोनों देश ऐसी तकनीकों पर साथ काम करेंगे, जो समुद्री निगरानी, सुरक्षित संचार, ड्रोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित रक्षा प्रणाली और भविष्य की युद्ध तकनीकों की दिशा तय करेंगी। रक्षा विशेषज्ञ इसे भारत-जापान संबंधों का सबसे बड़ा रणनीतिक मोड़ मान रहे हैं, क्योंकि जापान लंबे समय तक रक्षा निर्यात और सैन्य तकनीक साझा करने में बेहद



सतर्क रहा है। यह बदलाव अचानक नहीं आया। इसके पीछे चीन की बढ़ती आक्रामकता सबसे बड़ा कारण है। पिछले एक दशक में दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीपों का निर्माण, ताइवान के आसपास लगातार सैन्य अभ्यास, पूर्वी चीन सागर में सेनकाकू द्वीपों को लेकर जापान के साथ तनाव और हिंद महासागर में चीनी नौसेना की बढ़ती मौजूदगी ने पूरे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था बदल दी है। दूसरी ओर, भारत भी पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ लंबे सैन्य गतिरोध का सामना कर चुका है। ऐसे में नई दिल्ली और टोक्यो की रणनीतिक सोच पहले से कहीं ज्यादा समान दिखाई देती है। दोनों देश मानते हैं कि समुद्री रास्तों की सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान और नियम-आधारित व्यवस्था ही एशिया में स्थिरता बनाए रख सकती है। यही वजह है कि क्वाड के भीतर भी भारत और जापान सबसे सक्रिय साझेदारों में गिने जाते हैं। रक्षा सहयोग के साथ-साथ आर्थिक सुरक्षा इस शिखर सम्मेलन का दूसरा सबसे बड़ा विषय रही। कोविड महामारी और उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध ने दुनिया को यह सिखाया कि केवल सस्ती सप्लाई चेन पर्याप्त नहीं होती, बल्कि भरोसेमंद साझेदार भी जरूरी होते हैं। लंबे समय तक दुनिया का अधिकांश इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन चीन पर निर्भर रहा, लेकिन अब अमेरिका, जापान, भारत और यूरोप वैकल्पिक सप्लाई नेटवर्क तैयार करने में जुटे हैं। इसी रणनीति के तहत भारत और जापान ने सेमीकंडक्टर, क्रिटिकल मिनरल्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम टेक्नोलॉजी और उन्नत विनिर्माण में सहयोग बढ़ाने का फैसला किया है। आज दुनिया की डिजिटल अर्थव्यवस्था चिप्स पर टिकी है और जापान इस क्षेत्र में कच्चे माल, मशीनरी तथा तकनीक का बड़ा केंद्र है, जबकि भारत तेजी से इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण का नया हब बन रहा है। दोनों देशों की साझेदारी भविष्य की तकनीकी प्रतिस्पर्धा में निर्णायक साबित हो सकती है। प्रधानमंत्री मोदी ने शिखर सम्मेलन के दौरान बताया कि पिछले एक वर्ष में दोनों देशों के बीच लगभग 120 नए कारोबारी समझौते हुए हैं। अब लक्ष्य अगले दस वर्षों में भारत में 10 ट्रिलियन येन का जापानी निवेश आकर्षित करना है। भारतीय मुद्रा में इसकी कीमत करीब छह लाख करोड़ रुपये से अधिक बैठती है। यह निवेश केवल कारखाने लगाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स, ऑटोमोबाइल, बैटरी तकनीक और हाई-टेक उद्योगों में भी लगाया जाएगा। वर्ष 2025-26 में भारत-जापान द्विपक्षीय व्यापार लगभग 27 अरब डॉलर के आसपास पहुंच चुका है, लेकिन दोनों सरकारें मानती हैं कि यह क्षमता के मुकाबले अभी भी काफी कम है। इसलिए अब निवेश और व्यापार दोनों को अगले स्तर पर ले जाने की तैयारी की जा रही है।

शिखर सम्मेलन में हरित ऊर्जा को भी नई प्राथमिकता मिली। 'गोवर्धन' पहल के तहत भारत-जापान बायोगैस मिशन शुरू किया गया है, जिसके जरिए आधुनिक बायोगैस संयंत्रों का नेटवर्क तैयार किया जाएगा। इसका मकसद केवल स्वच्छ ऊर्जा पैदा करना नहीं है, बल्कि कृषि अवशेषों का बेहतर उपयोग, किसानों की अतिरिक्त आय, जैविक उर्वरकों का उत्पादन और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना भी है। जापान की पर्यावरणीय तकनीक और भारत की विशाल कृषि अर्थव्यवस्था का यह मेल आने वाले वर्षों में ग्रामीण विकास का नया मॉडल बन सकता है। तकनीक के क्षेत्र में भी दोनों देशों की सोच तेजी से बदल रही है। अब सहयोग केवल हार्डवेयर या मशीनों तक सीमित नहीं रहेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, 6जी संचार, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में भी संयुक्त अनुसंधान का रास्ता खोला गया है। जापान के पास उच्च स्तरीय इंजीनियरिंग और सटीक विनिर्माण की क्षमता है, जबकि भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल प्रतिभा और सॉफ्टवेयर विशेषज्ञता है। यदि दोनों की ताकतें एक मंच पर आती हैं, तो एशिया में तकनीकी नेतृत्व का नया केंद्र उभर सकता है।

2027 में भारत और जापान अपने राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे करेंगे। लेकिन उससे पहले ही दोनों देशों ने साफ कर दिया है कि आने वाला दशक केवल दोस्ती का नहीं, बल्कि साझा नेतृत्व का दशक होगा। बदलती वैश्विक राजनीति में, जहां कई पुराने गठबंधन कमजोर पड़ रहे हैं, वहीं भारत और जापान का रिश्ता लगातार मजबूत हो रहा है। यही वजह है कि नई दिल्ली में बोला गया 'छोटी बहन' का एक वाक्य केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि उस रणनीतिक विश्वास का प्रतीक बन गया, जिसके सहारे दोनों देश एशिया की नई शक्ति संरचना को आकार देने की तैयारी कर रहे हैं। आने वाले वर्षों में यह साझेदारी केवल भारत और जापान की नहीं, बल्कि पूरे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की दिशा तय करने वाली सबसे महत्वपूर्ण साझेदारियों में गिनी जा सकती है।

## सू- दोकू क्र.089

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.088 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -089

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. ह्रदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 088 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | | मु | | सं | स्था | न | |
| ग | | म | र्दा | न | गी | | त | म |
| ली | प | ना | | | त | न | | |
| | ना | ना | | | | | ज | |
| मा | ह | | रा | | सा | ज | न | |
| न | | स | ह | दे | व | | म | द |
| व | | म | | व | न | ज | | ल |
| ता | क | त | व | र | | मी | | द |
| | ल | ल | क | | क | र | त | ल |

# नारी शक्ति: वादों से लेकर कर दिखाने तक: ब्रिक्स में भारत का योगदान

**श्रीमतीअन्नपूर्णा देवी**



भारत ने 1 जनवरी 2026 को "लचीलेपन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण" की थीम के तहत ब्रिक्स की अध्यक्षता संभाली। महिलाओं से जुड़े मामलों में हमारा योगदान बेहद खास रहा है। हम सिर्फ़ कोई नारा या तारीफ़ के लिए सफल कहानियों का संग्रह पेश नहीं कर रहे हैं। हम एक ऐसा कामकाजी ढांचा लेकर आए हैं, जो करोड़ों महिलाओं तक पहुँचा है। यह ढांचा सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां से शुरू होकर जहाँ भी जाता है, वहाँ आगे और विकसित होने के लिए तैयार रहता है। यही भारत की खास बात है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक से ज़्यादा समय से भारत ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को एक राष्ट्रीय मिशन के तौर पर अपनाया हैऔर इस काम को इतने बड़े पैमाने पर किया है, जिसकी बराबरी बेहद कम देश कर सकते हैं। 2023 में अपनी G20 अध्यक्षता के दौरान, भारत ने वैश्विक सोच को "महिलाओं के विकास" से बदलकर "महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास" की ओर मोड़ने में मदद की। यह महज़ शब्दों का बदलाव नहीं था, बल्कि सोच का भी बदलाव था। महिलाओं को सिर्फ़ लाभार्थी के तौर पर देखने के बजाय, उन्हें नेतृत्वकारी भूमिका में देखना। कोच्चि में हम इसी बदलाव से जुड़ा सवाल उठा रहे हैं: एक बार वादा करने के बाद, उसे बड़े पैमाने पर, आख़िरी गाँव की आख़िरी महिला तक कैसे पहुँचाया जाए? भारत ने पिछले दस सालों में सिर्फ़ सैद्धांतिक तौर पर नहीं, बल्कि असल में इस सवाल का जवाब दिया है। भारत के लिए यह सोच नई नहीं, बल्किबहुत पुरानी है। विकास की भाषा के आने से काफी पहले ही, हमारी संस्कृति ने नारी को शक्ति, ज्ञान और समृद्धि का स्रोत माना था। ये तीनों ही वे आधार हैं, जिन पर कोई भी समाज तरक्की करता है और उन्हें देवी दुर्गा, सरस्वती और लक्ष्मी के रूप में पूजा जाता रहा है। दैवीय शक्ति को ही 'शक्ति' कहा जाता हैऔर संस्कृत के एक प्रसिद्ध श्लोक के अनुसार, जहाँ महिलाओं का सम्मान होता है, वहाँ देवता भी प्रसन्न होते हैं। यह सम्मान सिर्फ़ दिखावे के लिए नहीं था: लोपामुद्रा और घोषा जैसी महिला ऋषियों ने ऋग्वेद के मंत्रों की रचना कीऔर गार्गी और मैत्रेयी जैसी दार्शनिकों ने उपनिषदों के प्रसिद्ध वाद विवादों में अपनी बात मज़बूती से रखी। इसलिए, भारत के लिए महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास, किसी और से लिया हुआ विचार नहीं है, बल्कि एक प्राचीन विचार का ही आधुनिक रूप है।

शुरुआत फ़ैसला लेने की प्रक्रिया से करते हैं। भारत की पंचायती राज संस्थाओं में चुने गए प्रतिनिधियों में से लगभग आधी महिलाएँ हैं, जो दुनिया में चुनी हुई महिला नेताओं के सबसे बड़े समूहों में से एक है। इसके अलावानारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करता है। महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का अंत सिर्फ़ प्रतिनिधित्व तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यहां से इसकी शुरुआत होती है। ऐसा मॉडल, जो महिलाओं को सेवाएँ तो देता है, लेकिन उन सेवाओं को तय करने वाले फ़ैसलों में उन्हें शामिल नहीं करता, वह असल में महिलाओं के नेतृत्व वाला मॉडल नहीं है।भारत में सेवा पहुँचाने का ढाँचा तीन हिस्सों पर टिका है, जो एक साथ मिलकर ही काम करते हैं। पहला हिस्सा है पहुँच: डिजिटल जन अवसंरचना, फ़ायदों को सीधे महिलाओं के हाथों तक पहुँचाती है। आधार से जुड़े ट्रांसफ़र उन बिचौलियों की भूमिका को खत्म कर रहे हैं, जो पहले मदद पहुँचने से पहले ही उसे दूसरी तरफ़ मोड़ देते थे। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनाइस पहुँच का व्यावहारिक उदाहरण है। 4.26 करोड़ से ज़्यादा माताओं को मातृत्व लाभ के तौर पर 20,060 करोड़ रुपये से ज़्यादा की राशि सीधे उनके आधार से जुड़े खातों के ज़रिए मिली है। दूसरा हिस्सा है संस्थाएँ: डीएवाई-एनआरएलएमके तहत, 10.05 करोड़ से ज़्यादा ग्रामीण महिलाओं को 90.90 लाख से ज़्यादा स्वयं-सहायता समूहोंमें संगठित किया गया है, जो दुनिया में महिलाओं के नेतृत्व वाली सामुदायिक संस्थाओं का सबसे बड़ा नेटवर्क है। तीसरा हिस्सा है गतिशीलता—यानी मूल्य श्रृंखला में हमेशा सबसे नीचे बने रहने के बजाय ऊपर की ओर बढ़ने का एक सोच-समझकर चुना गया रास्ता। भारत अब 65,949 एसएचजीमहिलाओं को बिज़नेस कॉरेस्पोंडेंट एजेंटयानी बीसीसखीके तौर पर तैनात कर रहा है, जो दूर-दराज़ के इलाकों में जमा, क्रेडिट, धनराशि भेजने और पेंशन सेवाएँ पहुँचाती हैं। जो महिला कभी किसी लाभ के लिए कतार में लगती थी, अब वही महिला उस लाभ को दूसरों तक पहुँचाती है।

कुल मिलाकर ये सब मिलकर भागीदारी को आमदनी और मालिकाना हक में बदलते हैं। लखपति दीदीपहल के तहत, जून 2025 तक 1.48 करोड़ स्वयं सहायता समूह महिलाओं की सालाना कमाई कम से कम 1 लाख रुपए तक पहुँच गई थीऔर जनवरी 2026 में शुरू किए गए उद्यमिता पर केंद्रित एक राष्ट्रीय अभियान का मकसद 50,000 सामुदायिक संसाधन व्यक्ति के ज़रिए 50 लाख अतिरिक्त महिलाओं को प्रशिक्षण देना है। तरक्की का यही रास्ता औपचारिक कारोबार में भी दिखता है: पीएमएमवाईके तहत दिए गए ऋण में से 69 प्रतिशत और 'स्टैंड-अप इंडिया' के लाभार्थियों में से 84 प्रतिशत महिलाएँ हैं।डीपीआईआईटी द्वारा मान्यता प्राप्त 2.12 लाख स्टार्टअप्स में से 1.02 लाख से ज़्यादा स्टार्टअप्स में कम से कम एक महिला निदेशक या हिस्सेदार है और इनमें से कई स्टार्टअप बड़े शहरों के बजाय छोटे शहरों में हैं। हमब्रिक्सको ये ब्रांड नाम नहीं, बल्कि उनके पीछे की कहानी पेश करते हैं: पहले पहुँच, फिर संस्थाएँऔर फिर लाभार्थी से उद्यमी बनने का एक व्यवस्थित मार्ग।आँकड़े भी इस बदलाव को दिखाते हैं। भारत में महिलाओं की कामकाजी आबादी में भागीदारी 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 41.7 प्रतिशत हो गई हैऔर इसी दौरान महिलाओं में बेरोज़गारी दर 5.6 प्रतिशत से घटकर 3.2 प्रतिशत हो गई है। अब पहले से कहीं ज़्यादा महिलाएँ कार्यबल का हिस्सा हैं, इसलिए हमारा फोकस अब अगले चरण पर है, उनके काम की गुणवत्ता और आमदनी को और बेहतर बनाना।इस साल महिलाओं से जुड़े कामों के लिए चार प्राथमिकता वाले क्षेत्र तय किए गए हैंऔर इनमें से एक सीधे हमारे अनुभव से जुड़ा है: जलवायु कार्यवाही, खाद्य सुरक्षाऔर पोषण में महिलाओं की भूमिका। इस बारे में साक्ष्य भी साफ नतीजे बयां करते हैं: जब फैसले लेने की प्रक्रिया में महिलाएं शामिल होती हैं, तो पोषण बेहतर मिलता है और समुदाय चुनौतियों का बेहतर ढंग से सामना कर पाते हैं। यह कोई काल्पनिक बात नहीं है। झारखंड में महिला किसानों को ऐसी बीजों की किस्मों की जानकारी है, जो सूखे के दौरान भी बची रहती हैं।राजस्थान में महिला पशुपालकों को उन रास्तों की भी जानकारी है, जिनसे सूखे के समय मवेशियों को सुरक्षित ले जाया जा सकता है। भारत का काम ऐसे संस्थान बनाना रहा है, जो इस जानकारी और अनुभव का इस्तेमाल करें, न कि इसे नज़रअंदाज़ करें। मिशन पोषण 2.0 आंगनवाड़ी नेटवर्क के ज़रिए चलाया जाता है, जिसमें महिलाएं काम करती हैं और वे ही लोगों तक सेवा पहुंचाने की भरोसेमंद कड़ी होती हैं। जलवायु के अनुसार ढलने का काम भी इसी तरह होता है, चाहे वह लद्दाख में महिलाओं द्वारा बनाए गए ऊंचे इलाकों में पानी जमा करने के ढांचे हों या ओडिशा के तट पर वनस्पति के घने इलाकों को बचाने वाली समितियां। महिलाएं अब सिर्फ़ अनुकूलन की तकनीक का इस्तेमाल करने वाली नहीं रह गई हैं, बल्कि वे खुद इसे आगे बढ़ा भी रही हैं: नमो ड्रोन दीदीयोजना के तहत, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को खेती में इस्तेमाल होने वाले ड्रोन उड़ाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। यह ज़्यादा कौशल और ज़्यादा आमदनी वाले काम की ओर एक सोच-समझकर उठाया गया कदम है। एक खास बात जो पूरी तरह से भारत की वास्तविक विशेषता बन गई है। एक ज़िला एक उत्पाद पहलके तहत अब 761 ज़िलों में 1,102 उत्पाद शामिल हैं। महिला समूह हथकरघा, जीआईटैग वाले शिल्प और क्षेत्रीय खाद्य पदार्थों जैसे स्थानीय विशेष उत्पादों को ब्रांडेड और तेज़ी से निर्यात होने वाले उत्पादों में बदल रहे हैं। सरकार भी इन उत्पादों के लिए बाज़ार तक पहुँचने का रास्ता बना रही है: अवसर योजना के तहत हवाई अड्डों पर महिलाओं के लिए आरक्षित रिटेल जगह और 'वोकल फ़ॉर लोकल' के तहत महिला-संचालित उद्यमों के लिए जेम पर एक खास स्थान। असल मायनों में यह टिकाऊ व्यवस्था है, जिसके तहत स्थानीय सामग्री, स्थानीय कौशल और स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला, जो समुदाय के भीतर ही अपना मूल्य बनाए रखती हैंऔर ये विकास का ऐसा रूप भी है, जिसके लिए किसी महिला को बाज़ार तक पहुँचने के लिए अपना ज़िला छोड़ने की ज़रूरत नहीं पड़ती।

# महादेव घाट व्यू प्वाइंट पर गंदगी और शराब की खाली बोतलों का अंबार, पर्यटकों ने जताई नाराजगी

- शाम होते ही शराबियों होता है जमावड़ा
- गंदगी से बिगड़ रही पहचान, उठी कार्रवाई की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता/राजकुमार

कोण्डागुरला



**बीजापुर 4 जुलाई।** जिले के प्रसिद्ध महादेव घाट व्यू प्वाइंट पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा लगातार गंदगी फैलाने और शराब पीने के बाद खाली बोतलें व अन्य कचरा खुले में फेंके जाने का मामला सामने आया है। इससे न केवल प्राकृतिक सौंदर्य प्रभावित हो रहा है, बल्कि पर्यावरण प्रदूषित होने के साथ-साथ लोगों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडरा रहा है। टूटे हुए कांच के टुकड़ों से हादसे की आशंका बनी हुई है।

स्थानीय नागरिक सुभाष, शैलेष, संतोष, सुनील का कहना है कि महादेव घाट बीजापुर का प्रमुख पर्यटन स्थल बनता जा रहा है, लेकिन कुछ लोगों की गैर-जिम्मेदाराना हरकतों से इसकी छवि खराब हो रही है। बाहर से आने वाले पर्यटक भी प्राकृतिक सौंदर्य की सराहना करते हैं, लेकिन चारों ओर फैली गंदगी और शराब की खाली बोतलें देखकर निराश होते हैं।

सार्वजनिक स्थल पर इस तरह की लापरवाही नगर पालिका की स्वच्छता अभियान को नुकसान पहुंचा रही है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो यह पर्यटन स्थल अपनी पहचान खो सकता है। सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने और पर्यावरण संरक्षण करना सबकी जिम्मेदारी है। वहीं भोपालपटनम, भैरमगढ़ उसूर ब्लॉक से महादेव घाट का लुत्फ उठाने आने वाले पर्यटक भी गंदगी देखकर निराश हो रहे हैं। उनका कहना है कि बीजापुर में सुंदर घाटी, प्राकृतिक स्थल होने के बावजूद वहां फैली गंदगी से जिले की छवि खराब हो रही है। नागरिकों ने नगर पालिका और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि व्यू प्वाइंट पर नियमित निगरानी रखी जाए, गंदगी फैलाने और शराब की खाली बोतलें फेंकने वालों पर जुर्माना लगाया जाए तथा जरूरत पड़ने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं, सफाई व्यवस्था को और मजबूत किया जाए तथा समय-समय पर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि महादेव घाट की प्राकृतिक सुंदरता सुरक्षित रह सके।

## एक नजर

### नकटी में गरीबों के आवास पर बुलडोज़र कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने किया मुख्यमंत्री का पुतला दहन



**बीजापुर 4 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ के नकटी गांव में 85 से अधिक गरीब एवं आदिवासी परिवारों के घरों पर बुलडोज़र चलाए जाने की घटना के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष लालू राठौर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का पुतला दहन कर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। आदवासी परिवारों को बिना समुचित पुनर्वास के बेघर कर अमानवीय कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की यह कार्रवाई संवेदनहीनता का परिचायक है और इससे गरीब परिवारों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष लालू राठौर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीब, आदिवासी और वंचित वर्ग के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। उन्होंने मांग की कि प्रभावित सभी परिवारों को तत्काल न्याय, उचित मुआवजा और स्थायी पुनर्वास उपलब्ध कराया जाए। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की कार्रवाई पर रोक लगाने की भी मांग की। विरोध प्रदर्शन में जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया, कमलेश कारम, सोनू पोटाम, प्रवीन डोंगरे, सहित कांग्रेस के जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।

### चेरपाल नाला पुल के नीचे जमा कचरा हटाया तब जाकर आवागमन हुआ सुचारु



**बीजापुर 4 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** चेरपाल नाला पुल के नीचे बड़ी मात्रा में कचरा जमा हो जाने से पानी का बहाव बाधित हो गया था। इसके चलते नाले का पानी पुल के ऊपर से बहने लगा, जिससे बाढ़ जैसे हालात बन गए और लोगों के आवागमन में परेशानी हो रही थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार बी. के. डहरिया के नेतृत्व में शुक्रवार को सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रभारी राजस्व निरीक्षक शंकर लाल कतलम, चैनमेन मुन्ना कटटाम तथा कोटवार मनु हेमला, सन्तू एंड्रीक, सुकलू हेमला, सुर्रेया सहित अन्य सहयोगियों ने पुल के नीचे फंसे कचरे को हटाकर पानी का बहाव सुचारु कराया। सफाई के बाद नाले का जलस्तर सामान्य हुआ और पुल पर आवागमन फिर से सुचारु हो गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

### राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से संवरी लच्छंतीन बाई की जिंदगी

**कांकेर, 4 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम कराठी निवासी श्रीमती लच्छंतीन बाई दरपट्टी महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी हैं, तुलसी स्व सहायता समूह की सक्रिय सदस्य हैं, जो महिला शक्ति संकुल संगठन कन्हारगांव से जुड़ा हुआ है। जिला मुख्यालय से लगभग 08 किलोमीटर दूर स्थित इस गांव में बिहान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने उनके जीवन की दिशा बदल दी है। लच्छंतीन बाई ने बताया कि समूह से जुड़ने से पहले परिवार की आर्थिक स्थिति खराब थी। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में बहुत परेशानी होती थी तथा परिवार को कठिन समय में आर्थिक मदद नहीं मिल पाती थी। थोड़े से पैसे के लिए उन्हें अक्सर दूसरे लोगों से ब्याज पर ऋण लेना पड़ता था। खेती की आधुनिक तकनीकों की जानकारी का अभाव था और स्वयं का व्यवसाय शुरू करने का सपना केवल सपना ही बनकर रह गया। इस दौरान उन्हें बिहान योजना के बारे में पता चला, वहां 10 दीदी मिलकर एक समूह गठन कर बचत करते हैं और जरूरत के समय वहीं से आसानी से ऋण भी मिल जाती है।

# बैलाडीला जैसे समृद्ध नगर में पुराने बस स्टैंड से हजारों यात्रियों को होती है कई तरह की परेशानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरन्दुल 4 जुलाई।** देश-दुनिया में अपनी समृद्ध लौह अयस्का संपदा और औद्योगिक पहचान के लिए प्रसिद्ध बैलाडीला क्षेत्र का औद्योगिक नगर किरन्दुल आज भी एक सर्वसुविधायुक्त बस स्टैंड के अभाव से जूझ रहा है। वर्षों से नगरवासी और हजारों यात्री इस मूलभूत समस्या का सामना कर रहे हैं, लेकिन समाधान आज तक नहीं निकल सका है।

नगर के हृदय स्थल पर स्थित बस स्टैंड वर्षों पुराना और जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। इसका निर्माण तत्कालीन (साडा) के कार्यकाल में उस समय की आवश्यकता को देखते हुए कराया गया था। तब राज्य परिवहन की गिनी-चुनी बसों का संचालन होता था, इसलिए यह व्यवस्था पर्याप्त मानी जाती थी। लेकिन समय के साथ परिस्थितियां पूरी तरह बदल गईं। आज किरन्दुल से प्रतिदिन लगभग 45 से 50 निजी लग्जरी बसें रायपुर, बिलासपुर, विशाखापट्टनम, हैदराबाद और जगदलपुर सहित कई प्रमुख शहरों के लिए संचालित होती हैं। इन बसों से प्रतिदिन हजारों यात्रियों का आवागमन होता है। बस स्टैंड में पर्याप्त स्थान नहीं होने के कारण बस चालकों को मुख्य मार्ग के दोनों ओर बसें खड़ी करनी पड़ती हैं। इससे यातायात बाधित होता है, आम लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है और कई बार छोटे-बड़े सड़क हादसे भी हो जाते हैं। यात्रियों को खुले आसमान के नीचे बसों का इंतजार करना पड़ता है, जबकि बैठने, पेयजल, शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाएं भी पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं हैं।



विडंबना यह है कि बैलाडीला नगर छत्तीसगढ़ के सबसे समृद्ध औद्योगिक क्षेत्रों में गिना जाता है। यहां भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम एनएमडीसी तथा एएम/एनएस इंडिया जैसी विश्वस्तरीय औद्योगिक कंपनियां कार्यरत हैं। ,रूहस India विश्व की अग्रणी इस्पात कंपनी ArcelorMittal और जापान की Nippon Steel का संयुक्त उपक्रम है। इन प्रतिष्ठित कंपनियों की मौजूदगी के बावजूद नगर का बस स्टैंड आज भी बदहाली का प्रतीक बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि उद्योगों द्वारा समय-समय पर छोटे-छोटे विकास कार्य कर उन्हें प्रचारित तो किया जाता है, लेकिन नगर की सबसे महत्वपूर्ण और वर्षों पुरानी आवश्यकता– एक आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त बस स्टैंड–की ओर गंभीर पहल नहीं की गई। लोगों का मानना है कि यदि उद्योग और प्रशासन समन्वित प्रयास करें तो किरन्दुल को एक आधुनिक, सुरक्षित और व्यवस्थित बस टर्मिनल मिल सकता है, जिससे हजारों यात्रियों और नगरवासियों को सीधा लाभ होगा। अब समय आ गया है कि प्रशासन, जनप्रतिनिधि और औद्योगिक संस्थान औपचारिकताओं से आगे बढ़कर इस गंभीर जनसमस्या का स्थायी समाधान करें, ताकि बैलाडीला जैसे समृद्ध नगर की पहचान उसके विकास और सुविधाओं से भी हो, केवल खनिज संपदा से नहीं।

**मुख्य बिंदु**

- वर्षों से सर्वसुविधायुक्त बस स्टैंड का अभाव।
- प्रतिदिन 45ङ्ख50 बसों का संचालन, लेकिन पर्याप्त पार्किंग नहीं।
- यात्रियों के बैठने, प्रतीक्षा करने, पेयजल कि उचित व्यवस्था और शौचालय का उचित व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव।
- मुख्य सड़क पर बसें खड़ी होने से यातायात बाधित, दुर्घटनाओं का बढ़ रहा खतरा।
- देश की अग्रणी कंपनियों की मौजूदगी के बावजूद नगर की यह मूलभूत समस्या अनसुलझी।

## 33% महिला आरक्षण बिल लागू करने की मांग को लेकर महिला कांग्रेस का अभियान तेज




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता


**बीजापुर 4 जुलाई।** महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लाम्बा के निर्देशानुसार एवं बीजापुर प्रभारी व महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव तुलिका कर्मा के नेतृत्व में जिला मुख्यालय बीजापुर में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल को शीघ्र लागू करने की मांग को लेकर पोस्टकार्ड, हस्ताक्षर एवं मिस कॉल अभियान चलाया गया। अभियान में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर केंद्र सरकार से महिला आरक्षण लागू करने की मांग बुलंद की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव तुलिका कर्मा ने कहा कि देश की आधी आबादी को राजनीति में समान भागीदारी देना लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक है। उन्होंने केंद्र सरकार से 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल को जल्द से जल्द लागू करने की मांग करते हुए कहा कि महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में उचित प्रतिनिधित्व मिलना उनका अधिकार है। उन्होंने कहा कि पोस्टकार्ड अभियान के माध्यम से महिलाओं की आवाज सरकार तक पहुंचाई जा रही है, जबकि हस्ताक्षर और मिस कॉल अभियान के जरिए जनसमर्थन जुटाकर महिला आरक्षण के पक्ष में व्यापक जनजागरण किया जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे ने कहा कि महिलाओं को राजनीति और नीति निर्माण में पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिलना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। महिला आरक्षण लागू होने से देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक सशक्त होगी तथा महिलाओं का नेतृत्व नए आयाम स्थापित करेगा।कार्यक्रम में महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष गीता कमल, माधुरी जुमार, सकीना बानो, पूनम, पुष्पा गोस्वामी, सरस्वती मंडल, सुकली कोरसा, सुशीला झाड़ी, बिंदा बघेल, आयशा खान, सत्यमा, कविता यादव, मरियम पोडियम, जानकी साहनी, ललित झाड़ी, बबिता झाड़ी, कविता नामपल्ली, समन केशरवानी, रुक्मणी एवं रूबी जायसवाल सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर का बड़ा फैसला

## 74 कर्मचारियों का अटैचमेंट खत्म, मूल स्कूलों में लौटेंगे शिक्षक-कर्मचारी

**बीजापुर 4 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में कलेक्टर ने बड़ा प्रशासनिक निर्णय लेते हुए विभिन्न शासकीय कार्यालयों में वर्षों से अटैच चल रहे 74 कर्मचारियों का अटैचमेंट समाप्त कर दिया है। आदेश जारी होने के साथ ही संबंधित कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से अपने मूल पदस्थापना वाले स्कूलों में लौटकर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार, इनमें कई शिक्षक एवं कर्मचारी पिछले 10 से 15 वर्षों से अलग-अलग विभागीय कार्यालयों में संलग्न थे। लंबे समय तक स्कूलों से दूर रहने के कारण कई शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों और कर्मचारियों की कमी बनी हुई थी, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने सभी अटैचमेंट मामलों की समीक्षा की और उन्हें समाप्त करने का निर्णय लिया। कलेक्टर के निर्देश पर जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के किसी भी कर्मचारी को शासकीय कार्यालयों में संलग्न नहीं रखा जाएगा। प्रशासन का मानना है कि इस फैसले से स्कूलों में शिक्षकों एवं कर्मचारियों की उपलब्धता बढ़ेगी, शैक्षणिक गतिविधियां नियमित होंगी और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का बेहतर लाभ मिलेगा। साथ ही लंबे समय से रिक्त पड़े कार्यों के संचालन में भी सुधार आने की उम्मीद है। जिला प्रशासन की इस कार्रवाई को शिक्षा व्यवस्था में सुधार और विद्यालयों में मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



भाजपा की जिला स्तरीय मासिक बैठक में

## कार्यकर्ताओं को नमो एप और डिजिटल प्लेटफॉर्म का दिया गया प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 4 जुलाई।** अटल सदन स्थित जिला भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी की जिला स्तरीय मासिक बैठक एवं डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म प्रशिक्षण सत्र का संयुक्त रूप से आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष घासीराम नाग ने की। कार्यक्रम में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई तथा कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया। बैठक के प्रथम सत्र में विगत माह के संगठनात्मक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। विभिन्न मंडलों एवं मोर्चों की गतिविधियों का मूल्यांकन करते हुए आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां तय की गईं। संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने तथा जनसंपर्क अभियान को गति देने पर भी चर्चा हुई। द्वितीय सत्र में कार्यकर्ताओं को नमो ऐप, सरल ऐप एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में डिजिटल माध्यमों के जरिए संगठनात्मक गतिविधियों के प्रचार-प्रसार, आमजन से संवाद और सरकार की योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेकट, जिला प्रभारी दीपेश अरोरा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीनिवास मुदलियार, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री कुणाल ठाकुर, जिला महामंत्री फुलचंद गागड़ा, जिला उपाध्यक्ष दयाशंकर पटेल, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष जागर लक्ष्मैया, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हरिहर सहानी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उर्मिला तोकल, मीडिया प्रभारी सल्ला प्रताप, सोशल मीडिया जिला संयोजक के जी सुधाकर, उसूर मंडल मंत्री एर्रन्ना अनमुल सहित समस्त मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, मोर्चा-प्रकोष्ठों के संयोजक, जिला पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## वन्यजीव अपराध पर प्रभावी कार्रवाई के लिए वन अमले को दिया गया प्रशिक्षण, वर्षा ऋतु में गश्त बढ़ाने के निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 4 जुलाई।** वन्यजीव अपराधों की रोकथाम और वन अपराधों में प्रभावी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वन विभाग द्वारा मैदानी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम तथा वन अपराधों की विवेचना, साक्ष्य संकलन और न्यायालय में प्रभावी परिवाद प्रस्तुत करने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रशिक्षण शुक्रवार को वनमंडलाधिकारी डॉ. जाधव सागर रामचंद्र के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

डॉ. राजेंद्र मिश्रा एवं यश कुमार सोनी (अधिवक्ता, बांधवगढ़, मध्यप्रदेश) ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मैदानी अमले की कार्यक्षमता बढ़ाना है, ताकि वन्यजीव अपराधों के मामलों में सशक्त कानूनी कार्रवाई करते हुए दोषियों के खिलाफ मजबूत प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए जा सकें।

उप वनमंडलाधिकारी देवेंद्र गोंड ने मैदानी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के साथ ही किसान धान की बुआई में जुट गए हैं। ऐसे समय में वन क्षेत्रों में नियमित एवं सघन गश्त सुनिश्चित की जाए तथा अवैध साफ-सफाई, वृक्षों की अवैध कटाई (गर्डलिंग) और वन भूमि पर अतिक्रमण जैसी गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाए।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कोई व्यक्ति वन भूमि पर अतिक्रमण करते, अवैध साफ-सफाई करते या वृक्षों को नुकसान पहुंचाते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार वन अपराध दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि वन संपदा और वन्यजीवों की सुरक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### 19.50 लाख के साइबर ठगी मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा, ४ जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले की पुलिस ने साइबर ठगी का खुलासा करते हुए केरल के पलक्कड़ जिले से 2 आरोपियों मोहम्मद अंसार (22) और पी.यू. मोहम्मद रूशीद (22) को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने आधार कार्ड वेरिफिकेशन और मनी लॉन्ड्रिंग में फंसाने की धमकी देकर बचेली निवासी एक शख्स से 19.50 लाख रुपए की ठगी की थी। साइबर सेल की फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन एनालिसिस और साइबर फॉरेंसिक जांच के आधार पर दोनों की पहचान की गई। जांच में सामने आया कि आरोपी किराए के बैंक खातों के जरिए ठगी की रकम का लेन-देन कर उसे क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर धन के स्रोत और सबूत छिपाने की कोशिश करते थे।

## साइकिल से भारत भ्रमण पर निकले गुजरात और राजस्थान के युवा ने बस्तर में दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**जगदलपुर 4 जुलाई।** पर्यावरण संरक्षण और पवित्र स्थलों को स्वच्छ रखने का संकल्प लेकर साइकिल से पूरे देश की यात्रा पर निकले दो जांबाज युवा,भावेश सांखेत निवासी गुजरात और सचिन कलाल निवासी राजस्थान,अपने देशव्यापी भ्रमण के दौरान बस्तर पहुंचे। 29 अगस्त 2024 से निरंतर जारी इस साहसिक और प्रेरणादायी यात्रा में छत्तीसगढ़ देश का 20वां राज्य है, जहां तक पहुंचते-पहुंचते दोनों युवा लगभग 25,000 किलोमीटर की दूरी साइकिल से तय कर चुके हैं। बस्तर प्रवास के दौरान दोनों यात्रियों ने विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात की सुंदरता को निहारा और शक्तिपीठ मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचकर दर्शन पूजन किया। छत्तीसगढ़ और विशेषकर बस्तर के अपने अनुभव साझा करते हुए भावेश और सचिन ने कहा कि यहां का प्राकृतिक वातावरण बेहद खूबसूरत और सुकून देने वाला है। इसके साथ ही उन्होंने बस्तर के स्थानीय लोगों के आत्मीय व्यवहार, सरलता और मेहमाननवाजी की जमकर सराहना की। युवाओं ने बताया कि उनकी इस विशाल यात्रा का मुख्य उद्देश्य देशवासियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना, अधिक से अधिक पौधे लगाना और धार्मिक व पर्यटन स्थलों को प्लास्टिक व कचरा मुक्त रखकर उनकी पवित्रता बनाए रखना है। इस दौरान बस्तर आगमन पर दोनों देश यात्रियों ने क्षेत्र की प्रमुख सामाजिक व रचनात्मक हस्तियों से मुलाकात की। उन्होंने बस्तर के 'ट्री मैन' के रूप में विख्यात पर्यावरणविद् सम्पत झा,शक्ति सिंह चौहान, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रोहन घोष,पत्रकार सुभाष मेश्राम से भेंट कर अपनी इस यात्रा के अनुभवों,चुनौतियों और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण विचारों को साझा किया। उपस्थित जनों ने दोनों युवाओं के इस अनुकरणीय हौसले और जन जागरूकता के पावन उद्देश्य की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य और आगामी सुरक्षित यात्रा की मंगलकामना की।




# दूरस्थ अंचल तेलम में मनाया शाला प्रवेशोत्सव

- शिक्षा की रौशनी से बढ़ाएं क्षेत्र का मान - मुड़ामी
- कटेकल्याण ब्लॉक के तेलम में आयोजित हुआ शाला प्रवेशोत्सव
- मेधावी बच्चों का हुआ सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 4 जुलाई।** कटेकल्याण ब्लॉक के दूरस्थ अंचल तेलम में शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन हुआ। नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही बच्चों के लिए न्यौता भेज आयोजित कर व्यंजन परोसे गए। मुख्य अतिथि व जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा की रौशनी से ही क्षेत्र व समाज को नई रौशनी मिल सकती है। बच्चे पढ़ लिखकर अपना व क्षेत्र का मान बढ़ा सकते हैं। सरकार बच्चों का भविष्य गढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अवसरों की कोई कमी नहीं है। परिजनों को अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजकर शिक्षकों का सहयोग करना चाहिए। कटेकल्याण जनपद अध्यक्ष हिरमा कवासी, उपाध्यक्ष भीमसेन मंडावी ने भी बच्चों को प्रेरित करते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा। इसके पूर्व स्वागत उद्बोधन में बीईओ गोपाल पांडेय ने कहा कि नए शिक्षण सत्र में बच्चों के लिए इस बार भी पूरी व्यवस्था की गई है। कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न हो, इसके लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इस कार्य में पालक पूरा सहयोग दें। बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। कार्यक्रम में एबीईओ राममिलन रावटे, बीआरसी हीरालाल ओयामी, ग्राम पंचायत तेलम, टेटम, बड़े गुडरा, छोटे गुडरा, परचेली समेत विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच, जनपद सदस्य उपस्थित थे।

### मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

इस अवसर पर 5 वीं, 8 वीं, 10 वीं, 12 वीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र - छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न से सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का भी सम्मान किया गया।

**एक नजर**

## विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन विकास को गति देने वाला कदम

**बालोद, 3 जुलाई।** विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन (वीबी जी राम जी) के शुभारंभ अवसर पर आज 02 जुलाई 2026 को जिला पंचायत सभाकक्ष बालोद में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चैहान द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील कुमार चन्द्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री तोमन लाल साहू, एथेलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष श्री सौरभ लुनिया एवं अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री तोमन साहू ने वीबी जी राम जी योजना को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने, रोजगार के अवसरों का विस्तार करने तथा गांवों के समग्र विकास को गति देने वाला ऐतिहासिक कदम बताया। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन (वीबी-जी राम जी) विकसित भारत-2047 के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत अब प्रत्येक पंजीकृत ग्रामीण परिवार को 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों का मांग आधारित गारंटीशुदा रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही छत्तीसगढ़ में श्रमिकों की मजदूरी दर 261 रूपये से बढ़ाकर 300 रूपये प्रतिदिन कर दी गई है, जिससे ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि होगी और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

## एचपीवी टीकाकरण में 46 प्रतिशत कवरेज के साथ बालोद जिला प्रदेश में तीसरे स्थान पर

**बालोद, 4 जुलाई।** महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) जैसी गंभीर बीमारी से बेटियों को सुरक्षित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान में बालोद जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिले ने 46 प्रतिशत टीकाकरण कवरेज प्राप्त करते हुए पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में तीसरा स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य विभाग की सतत मेहनत, जनजागरूकता और विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल. उइके के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग ने मिलकर अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित किया। जिले के स्वास्थ्य कर्मियों, मितानिनों, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में घर-घर संपर्क कर पालकों को जागरूक किया। वहीं विद्यालयों में विशेष टीकाकरण शिविर आयोजित कर पात्र बालिकाओं का टीकाकरण सुनिश्चित किया गया। इसी सतत प्रयास का परिणाम है कि बालोद प्रदेश के शीर्ष तीन जिलों में शामिल हो गया।

## न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालत का आयोजन 21, 22 एवं 23 अगस्त को

**बालोद, 4 जुलाई।** उच्चतम न्यायालय द्वारा न्याय को सरल एवं सुलभ तरीके से घर-घर तक पहुँचाने तथा आपसी सहभागिता और सहमति से न्याय की भावना को मूर्त रूप देने के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह 2026 का आयोजन 21 अप्रैल 2026 से आरम्भ किया जा रहा है, जिसकी परिणति 21, 22 तथा 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ होगी। विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 21, 22 तथा 23 अगस्त को होगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों को शामिल किया जाएगा। विशेष लोक अदालत पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन राज्य, जिला, तालुका, उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण, समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया जाएगा। इस सुलह वार्ता का आयोजन 21 अप्रैल 2026 को समाधान समारोह के आरम्भ के साथ शुरु हो चुका है। इस समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) के आयोजन का लक्ष्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का सुलह एवं आपसी सहमति से निष्पादन करना है। अधिवक्तागण, वादकारियों तथा अन्य सभी संबंधित पक्षों से इस अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी के लिए आमंत्रित किया गया है। 21 अप्रैल 2026 से आरम्भ हो रहे समाधान समारोह में आपसी सहमति एवं वार्ता से समाधान तलाशने का प्रयास किया जाएगा। इन सुलह बैठकों का आयोजन राज्य, जिला, तालुका, उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण, समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया जाएगा। जिसमें प्रशिक्षित मध्यस्थ तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, समिति पक्षकारों की मदद करेंगें। पक्षकार इन सुलह-प्रयास हेतु बैंठकों, वार्ताओं में सशरीर अथवा आभासी (आनलाईन) रूप से शामिल हो सकते हैं।

### बनी रहती है बड़ी दुर्घटना की आशंका

# कोपरा से पोखरा मार्ग पर घटिया व चिकनी मुरुम के चलते 30 से अधिक बाइक सवार गिरे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**कोपरा,4 जुलाई।** कोपरा से पोखरा मार्ग इन दिनों लोगों के लिए परेशानी और खतरे का कारण बन गया है। सड़क निर्माण के दौरान कोपरा,कौंदकेरा और देवरी गांव के पुलों के समीप डाली गई घटिया एवं अत्यधिक चिकनी मुरूम के कारण आए दिन दोपहिया वाहन चालक फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार आज सुबह से शाम तक 30 से अधिक लोग मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिरकर घायल हो चुके हैं। लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है।जिससे लोगों में भारी नाराजगी है।ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। पुलों के आसपास ऐसी चिकनी मुरूम बिछा दी गई है।जिस पर हल्की बारिश या नमी होने के बाद वाहन का संतुलन बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। विशेष रूप से मोटरसाइकिल चालक और बुजुर्ग सबसे अधिक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। कई लोगों को हाथ,पैर में चोटें आई हैं।जबकि कुछ को उपचार के लिए अस्पताल भी जाना पड़ा।स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और संबंधित ठेकेदार को इस समस्या से अवगत कराया गया।लेकिन अब तक न तो सड़क की मरम्मत की गई और न ही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कोई सुरक्षा व्यवस्था की गई। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुधार कार्य नहीं किया गया तो भविष्य में कोई बड़ी जनहानि हो सकती है।ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से प्रतिदिन छात्र-छात्राएं,किसान, व्यापारी,कर्मचारी इस रस्ते से गुजरते हैं। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण सभी को जोखिम उठाकर यात्रा करनी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि लोक निर्माण विभाग की लापरवाही आम नागरिकों की जान पर भारी पड़ रही है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि कोपरा भेंडरी मोड़,कौंदकेरा स्कूल के पास एवम देवरी पुल के पास तत्काल गुणवत्तापूर्ण सामग्री से सड़क की मरम्मत कराई जाए।चिकनी मुरूम हटाई जाए तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक सुरक्षा संकेतक बोर्ड लगाए जाएं। ग्रामीणों ने कहा हैं कि यदि शीघ्र गिट्टी एवम अन्य सामग्री भी नहीं डाला गया।तो जनआंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।फिलहाल लगातार हो रही दुर्घटनाओं ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता और लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने बैरीकेट लगाने की मांग किया हैं।

# जिला जेल का कलेक्टर एवं एसएसपी ने किया आकस्मिक निरीक्षण

## जेल परिसर में अवैध गतिविधियों, मारपीट और प्रतिबंधित सामग्री पर जीरो टॉलरेंस के निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 4 जुलाई।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शशिमोहन सिंह ने शुक्रवार को जिला जेल रायगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल में सुरक्षा व्यवस्था एवं बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सहायक कलेक्टर श्री गोकुल आर.के., एडीएम श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर एवं एसएसपी ने बंदी बैरकों, जेल अस्पताल, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, प्रिजन कॉलिंग सुविधा, बंदी मुलाकात कक्ष तथा पाकशाला का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य सेवाओं, सुरक्षा प्रबंधन एवं बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित सभी सुविधाएं प्रत्येक बंदी तक समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से पहुंचनी चाहिए। जिला जेल को सुरक्षित, अनुशासित, पारदर्शी और सुधारोन्मुख संस्था के रूप में संचालित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

कलेक्टर एवं एसएसपी ने जेल में निरुद्ध बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं और सुझावों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक शिकायत का त्वरित, संवेदनशील एवं नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि बंदियों के अधिकारों और गरिमा का पूर्ण संरक्षण हो सके। निरीक्षण के दौरान बंदी मुलाकात कक्ष में उपस्थित परिजनों से भी अधिकारियों ने चर्चा की। उन्होंने परिजनों से कहा कि यदि किसी भी स्तर पर मारपीट, अवैध धन वसूली अथवा किसी अन्य प्रकार की अनियमितता की जानकारी मिले तो उसकी तत्काल शिकायत करें, ताकि दोषियों के विरुद्ध बिना विलंब कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। अधिकारियों ने जेल परिसर तक प्रतिबंधित एवं अवैध सामग्री पहुंचने की संभावित कमजोर कड़ियों की पहचान कर उन्हें तत्काल समाप्त करने तथा निगरानी एवं सुरक्षा तंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक श्री गोवर्धन सिंह सोरी ने जेल में उपलब्ध व्यवस्थाओं, सुधारात्मक एवं पुनर्वास गतिविधियों तथा बंदियों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी।

# किरोड़ीमल नगर में नवनिर्वाचित पार्षद को दिलाई गई शपथ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 4 जुलाई ।** नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर के वार्ड क्रमांक 6 के उपचुनाव में निर्वाचित पार्षद श्री ललित नंदकुमार यादव का शपथ ग्रहण समारोह आज नगर पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में संपन्न हुआ। पीठासीन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रायगढ़ श्री महेश शर्मा ने नवनिर्वाचित पार्षद श्री ललित नंदकुमार यादव को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्री हरि किशोर चंद्रा, उपाध्यक्ष श्रीमती रुखसाना इकबाल, श्री गुरुपाल भल्ला, श्री अजय अग्रवाल, श्री वाल्मीकि चौहान, श्री अतुल शर्मा, श्री अमरनाथ सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री देवेंद्र सिंह चंदेल, नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण के लिए निगम और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त रणनीति तैयार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 4 जुलाई।** मानसून के दौरान डेंगू की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आज नगर निगम रायगढ़ के सभाकक्ष में नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहरी क्षेत्रों में डेंगू की रोकथाम के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय, त्वरित कार्रवाई और जनसहभागिता पर आधारित कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में महापौर श्री जीवर्धन चौहान, सभापति श्री डिग्री लाल साहू, नगर निगम के एमआईसी सदस्यगण, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैकरा, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टी.जी. कुलवेदी, शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. सोनाली मेश्राम एवं नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में डेंगू के संभावित जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष अभियान चलाने, जलभराव वाले स्थानों की नियमित सफाई, घर-घर लार्वा सर्वे, आवश्यकतानुसार फॉगिंग, स्वच्छता गतिविधियों में तेजी लाने तथा वार्ड स्तर पर संयुक्त मॉनिटरिंग को और अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई।

### लैलूंगा की भगवती चंद्रा को मिला उज्ज्वला योजना का गैस कनेक्शन

# सीएम हेल्पलाइन बना आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान का एक प्रभावी माध्यम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 4 जुलाई।** मुख्यमंत्री की जनकेंद्रित सुशासन व्यवस्था के तहत संचालित सीएम हेल्पलाइन 1076 आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रही है। रायगढ़ जिले के लैलूंगा विकासखंड में दर्ज एक शिकायत का शीघ्र निराकरण करते हुए पात्र हितग्राही को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया गया। लैलूंगा नगर के संत कबीर वार्ड क्रमांक-7 निवासी श्री धनेश्वर ने अपनी पत्नी श्रीमती भगवती चंद्रा के नाम पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। निर्धारित अवधि बीत जाने के बाद भी गैस कनेक्शन प्राप्त नहीं होने पर उन्होंने अपनी समस्या के समाधान के लिए सीएम हेल्पलाइन 1076 में शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत प्राप्त होते ही जिला खाद्य नियंत्रक कार्यालय तथा संबंधित खाद्य निरीक्षक द्वारा मामले की गंभीरता से जांच की गई। जांच में पाया गया कि आवेदिका के नाम पर उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन स्वीकृत हो चुका था, किंतु तकनीकी एवं प्रक्रियागत कारणों से उसका लाभ हितग्राही तक नहीं पहुँच पाया था। मामले की पुष्टि होने के बाद खाद्य विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पात्रतानुसार हितग्राही को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया। इसके साथ ही शिकायत का संतोषजनक निराकरण कर प्रकरण का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया।

गैस कनेक्शन प्राप्त होने के बाद हितग्राही श्री धनेश्वर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री, जिला प्रशासन एवं खाद्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से उनकी समस्या का समयबद्ध समाधान हुआ और उन्हें शासन की योजना का लाभ सहज रूप से प्राप्त हो सका। यह प्रकरण दर्शाता है कि सीएम हेल्पलाइन 1076 शासन और आमजन के बीच प्रभावी संवाद का सशक्त माध्यम बन चुकी है। जिला प्रशासन द्वारा शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे पात्र हितग्राहियों तक शासन की योजनाओं का लाभ पारदर्शी और प्रभावी ढंग से पहुँच रहा है।

# बीमा लोकपाल अधिकारी बनकर ठगी, 3 गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 4 जुलाई।** बीमा लोकपाल अधिकारी बनकर का झांसा देकर करोड़ों रुपए का ठगी करने वाला तीन युवकों को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है खुलासा करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि बीमा पॉलिसी की राशि रिफंड कराने अधिकारी बनकर विभिन्न बैंक खातों में ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कराकर 1 करोड़ 60 लाख की साइबर ठगी किया गया। जांच के दौरान पूर्व में बैंक खाताधारक को पकड़ा गया था। तकनीकी साक्ष्यों एवं बैंक खातों के विश्लेषण के आधार पर विशेष टीम को दिल्ली भेजा गया। टीम आरोपी तिलक विहार, तिलक नगर, नई दिल्ली निवासी मनमीत सिंह, मूल निवासी श्रीगंगानगर (राजस्थान), वर्तमान निवासी चंदर विहार, निलोठी दिल्ली अमनदीप सिंह, चंदर विहार, निलोठी एक्सटेंशन, थाना निहाल विहार दिल्ली ईशांत माहे उर्फ ईशु को चिन्हित कर पकड़ा गया तीनों से पूछताछ करने पर पैसों की लालच में बैंक खाते खुलवाकर बिना सत्यापन के राशि हस्तांतरित न करें दुर्ग पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि बीमा पॉलिसी रिफंड, केवाईसी अपडेट, निवेश अथवा किसी भी प्रकार के ऑनलाइन भुगतान कॉल अथवा संदेश मिलने पर बिना सत्यापन किसी भी बैंक खाते में राशि हस्तांतरित न करें? किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल 1930 हेल्पलाइन अथवा साइबर क्राइम थाने में शिकायत करें उनके द्वारा साइबर ठगी करना स्वीकार किया जांच में यह भी सामने आया कि बैंक खातों का उपयोग एक विदेशी (नाइजीरियन) साइबर ठगी नेटवर्क द्वारा किया जा रहा था आरोपियों को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर न्यायालय, तीस हजारी, दिल्ली से ट्रांजिट रिमांड लेकर रेंज साइबर थाना दुर्ग लाया गया आरोपियों के पास से पुलिस ने 6 बैंक पासबुक, 4 चेकबुक, 3 मोबाइल फोन समेत विभिन्न सिम कार्ड बरामद किए गए

# महिला से पेटीएम एजेंट ने की 2.16 लाख की ठगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 4 जुलाई।** भिलाई खाते से रकम ट्रांसफर कर ठगी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई नवीन राजपूत ने बताया कि वार्ड 36 गंजपारा दुर्ग निवासी मधु शर्मा ने दुर्ग न्यायालय में परिवाद दायर किया था जिस में सेक्टर 3 निवासी पेटीएम एजेंट संत कुमार पात्रे 25 नवम्बर 2025 को साऊंडबाक्स लगाने आया था? पीड़िता के मोबाईल में पेटीएम एप के माध्यम से 2.16 लाख का लोन लिया गया। जिसकी जानकारी पीड़िता को नहीं थी। दोबारा पेटीएम एजेंट संत कुमार पात्रे पीड़िता के दुकान में आकर मोबाईल मांगकर पेटीएम एप्लीकेशन से 1 लाख रुपए की राशि का अपने एकाउंट में डालकर ट्रांसफर कर लिया। दोबारा फिर इसी तरह रकम अपने खाते में ट्रांसफर कर लिया इस तरह दो लाख 16 हजार रुपए की ठगी किया। 13 दिसंबर 2025 को पेटीएम बिजनेश एप के द्वारा परिवादिनी को फोन आया उन्होंने परिवादिनी को बताया कि आपका लोन चल रहा है, जिसकी राशि नहीं दी गई है तब परिवादिनी को ज्ञात हुआ कि उसके पेटीएम बिजनेश एप से किसी भी प्रकार का कोई लोन नहीं लिया है उक्त लोन परिवादिनी के पेटीएम एप के माध्यम से पेटीएम कंपनी का एजेंट के द्वारा उक्त ठगी करना पाया गया शिकायत पुलिस थाने में की गई लेकिन पुलिस ने एजेंट पर कोई कार्रवाई नहीं करने के पर न्यायालय दुर्ग में पीड़िता ने एजेंट के खिलाफ परिवाद दायर किया न्यायालय ने पुलिस को अपराध दर्ज करने आदेश दिया

# डीएमएफ से 13 विकास कार्यों के लिए 35.77 करोड़ की मिली प्रशासकीय स्वीकृति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 4 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में तथा वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी के विशेष प्रयासों से जिले के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे है। इसी क्रम में जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) मद अंतर्गत प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रुप से प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए 35 करोड़ 76 लाख 94 हजार रुपये की लागत के 13 महत्वपूर्ण विकास कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं के माध्यम से धरमजयगढ़, लैलूंगा, घरघोड़ा एवं तमनार विकासखंडों में शिक्षा, कौशल विकास, कृषि अधोसंरचना तथा ग्रामीण सड़क नेटवर्क को नई मजबूती मिलेगी। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ निधि का उपयोग ऐसे विकास कार्यों में किया जा रहा है, जिनका खनन प्रभावित क्षेत्रों के विद्यार्थियों, युवाओं, किसानों एवं ग्रामीण परिवारों को मिलेगा। स्वीकृत परियोजनाएं क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करने के साथ-साथ सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी नई गति देंगी।

### तमनार, घरघोड़ा, लैलूंगा एवं धरमजयगढ़ में पुस्तकालय भवन निर्माण की स्वीकृति

ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थियों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को बेहतर अध्ययन सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तमनार, घरघोड़ा, लैलूंगा एवं धरमजयगढ़ विकासखंडों में पुस्तकालय भवन निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों के लिए 6 करोड़ 39 लाख 64 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन पुस्तकालयों में आधुनिक अध्ययन संसाधन विकसित किए जाएंगे, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन का वातावरण उपलब्ध होगा।

### आईटीआई भवनों के उन्नयन से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

स्थानीय युवाओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) घरघोड़ा के भवन के जीर्णोद्धार हेतु 1 करोड़ 56 लाख 30 हजार रुपये तथा शासकीय आईटीआई धरमजयगढ़ के भवन के जीर्णोद्धार हेतु 82 लाख 86 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इन कार्यों के पूरा होने के बाद प्रशिक्षण सुविधाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी तथा युवाओं को बेहतर कौशल विकास का अवसर मिलेगा।

### कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा नया संबल

तमनार विकासखंड में किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) एवं स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 1 करोड़ 21 लाख 81 हजार रुपये की लागत से व्यावसायिक परिसर (जी़1) तथा 1 करोड़ 5 लाख 20 हजार रुपये की लागत से बाजार शेड यार्ड का निर्माण कराया जाएगा। इन परियोजनाओं से किसानों को कृषि उत्पादों के भंडारण, विपणन एवं व्यापार के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

### 24.73 करोड़ रुपये से मजबूत होगा ग्रामीण सड़क नेटवर्क

ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर संपर्क सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से धरमजयगढ़, लैलूंगा, घरघोड़ा एवं तमनार के अंतर्गत लगभग 24 करोड़ 73 लाख रुपये की लागत से आठ महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें पीपराही से डीपापारा, सुबरा से कटकलिया, कोंडकेल से गेरूपानी, ढाप से भवानीपुर, किलकिला से उड़ीसा बॉर्डर, बरमुड़ा से उकारीपाली, टेरम से छिरभौंना तथा बाम्हनबहरी से पुलाईआंट तक सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा, कृषि उत्पादों के परिवहन को गति मिलेगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच और अधिक आसान होगी। सभी स्वीकृत परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) को कार्य एजेंसी नियुक्त किया गया है। जिला प्रशासन ने संबंधित एजेंसियों को सभी निर्माण कार्य 365 दिनों के भीतर निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग एवं गुणवत्ता परीक्षण भी सुनिश्चित किया जाएगा।

# सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी,कर्मचारी अब होंगे सम्मानित, माई जी की बगिया में लौटेगी रौनक : चंद्रिका सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 4 जुलाई।** 3 जुलाई को जन अधिकार सामाजिक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पेंशनर फेरम छत्तीसगढ़ के प्रदेश संयोजक चंद्रिका सिंह के नेतृत्व में दोनों संघो के प्रतिनिधि दंतेवाड़ा के कलेक्टर ध्रुव से, सौजन्य भेंट कर ज्ञापन सौंपा। जन अधिकारी सामाजिक कल्याण संघ छत्तीसगढ़ की ओर से माता श्री दंतेश्वरी दंतेवाड़ा के मंदिर के पीछे पूर्व से बनी बगिया जो आज खंडहर हो गया है । चंद्रिका सिंह ने जोर देकर कहा कि जब माई जी की बगिया का निर्माण हुआ था। जो श्रद्धालुओं के मन को मोह लेता था। देश विदेश से आने वाले श्रद्धालु वहां विश्राम करते थे और अपने साथ खाद्य व्यंजन को बड़े ही खुशी पूर्वक खुश रमणीय स्थान पर ग्रहण करते थे । उन दिनों बगिया को बनाने के पीछे भी यही उद्देश्य रहा है। किंतु देख रेख के अभाव में पूरी तरह से बर्बाद हो गया है ,जिसे पुनः पूर्व उद्देश्य को लेकर बनाने और देख रेख की आवश्यकता है। चंद्रिका सिंह ने उद्यान विभाग के सेवा निवृत नेक कर्मचारी का दिन दशा का उदाहरण देते हुए जिसको एक कागज पकड़ा दिया गया कि तुम सेवा निवृत हो गए, कलेक्टर महोदय से मांग किया कि इस माह से सेवा निवृत होने वाले अधिकारी कर्मचारी की सभी विभागों से सूची मंगाई जावे सेवा निवृत्त दिवस को आपके कार्यालय में बुलाया जाय । उन्हें सम्मान पूर्वक विदाई किया जावे ,जिसमें पेंशनर फेरम पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। इन मांगों को कलेक्टर सहर्ष स्वीकार कर क्रियान्वयन करने का आश्वासन दिये जिससे प्रतिनिधि मंडल में काफी हर्ष पर्याप्त हुआ , कलेक्टर महोदय को सभी ने धन्यवाद दिया। मिलने वाले में जन अधिकारी सामाजिक कल्याण संघ प्रदेश महासचिव कृष्ण कुमार साहू, जिला अध्यक्ष जितेंद्र सेठिया सचिव कृष्णा साहू, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार नाग पेंशनर फेरम के जिलाध्यक्ष श्री महेंद्र कुमार साहू जिला कोषाध्यक्ष बी.के. शर्मा मुख्य वरिष्ठ सदस्य श्री परगनिया तथा सुखचंद बघेल सदस्य आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### उत्कर्ष योजना अंतर्गत छठवी में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 5 जुलाई को

**बलौदाबाजार 4 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु जिला स्तर पर लिखित परीक्षा 5 जुलाई 2026 रविवार को समय प्रातः 12 से 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसके लिये पण्डित चक्रपाणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। परीक्षार्थियों हेतु रोल नंबर अलग से जारी नहीं किया गया है। परीक्षा केन्द्र में ही नाम, पिता का नाम व रोल नंबर के अनुसार ही परीक्षा में बैठने की व्यवस्था की गई है। अधिक जानकारी के लिए संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी से संपर्क कर सकते है।

### पुलिस अधीक्षक ओ.पी.शर्मा के कुशल निर्देशन में कबाड़ी दुकानों की हुई औचक चेकिंग



**बलौदाबाजार 4 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अपराध एवं अपराधियों पर लगाम कसने तथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से आज दिनांक 03.07.2026 को पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी.शर्मा के कुशल निर्देशन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित कबाड़ी दुकानों की सघन चेकिंग का एक विशेष अभियान चलाया गया। ?इस औचक निरीक्षण अभियान के तहत संबंधित थाना और चौकी की पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय कबाड़ दुकानों पर दबिश दी गई।

### बंदूक छोड़ विकास की राह चुनी, शासकीय योजनाओं ने बदली मड़कम भीमा की जिंदगी



**रायपुर, 4 जुलाई।** सुकमा जिले में शासन की पुनर्वास नीति और जनकल्याणकारी योजनाएं लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। कोंटा विकासखंड के ग्राम पंचायत पोलमपल्ली के निवासी मड़कम भीमा इसकी प्रेरक मिसाल हैं। उन्होंने हिंसा का रास्ता छोड़कर विकास और लोकतंत्र को मुख्यधारा को अपनाया। जिला प्रशासन और सुरक्षा बलों के सहयोग से आज वे सम्मान के साथ सामान्य जीवन जी रहे हैं। मुख्यधारा में लौटने के बाद जिला प्रशासन ने मड़कम भीमा को विभिन्न शासकीय योजनाओं से जोड़ा। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत उन्हें पक्का घर बनाने के लिए आर्थिक सहायता मिली। अब उनका परिवार सुरक्षित और सम्मानजनक घर में रह रहा है। इस योजना ने उनके जीवन में स्थिरता और भविष्य के प्रति नया विश्वास पैदा किया। मड़कम भीमा को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत रोजगार भी उपलब्ध कराया गया। उन्होंने गांव के विकास कार्यों में मेहनत से काम किया और मजदूरी की राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्राप्त हुई। इससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई और आत्मविश्वास भी बढ़ा। आज मड़कम भीमा अपने परिवार के साथ सम्मानपूर्वक जीवन जी रहे हैं। वे मानते हैं कि शासकीय योजनाओं और जिला प्रशासन के सहयोग ने उन्हें नई पहचान और नया जीवन दिया है। अब वे विकास की राह पर आगे बढ़ते हुए अपने परिवार के बेहतर भविष्य बना रहे हैं। मड़कम भीमा की सफलता की कहानी बताती है कि शासन की पुनर्वास नीति और जनकल्याणकारी योजनाओं ने लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव ला रही हैं। यह कहानी युवाओं को संदेश देती है कि हिंसा का रास्ता छोड़कर शिक्षा, रोजगार और आत्मनिर्भरता का मार्ग अपनाने से जीवन में नई शुरुआत संभव है। शासन समाज की मुख्यधारा में लौटने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ मजबूती से खड़ा है।

# सहकारिता से बढ़ेगी किसानों की आय, विकसित छत्तीसगढ़ की नींव होगी मजबूत : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर, 4 जुलाई।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय का गठन देश के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय है। यह निर्णय 'सहकार से समृद्धि' के संकल्प को साकार करने वाला है। डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ में सहकारिता के माध्यम से किसानों, वनवासियों, महिला समूहों और ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने तथा उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मंडपम में भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के पांच वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन एवं सहकारी सप्ताह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर उत्कृष्ट समितियों को सहकार प्रेरणा पुरस्कार प्रदान किया तथा संग्रहण वर्ष 2023 के 7.14 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए 162 करोड़ रुपये से अधिक की प्रोत्साहन पारिश्रमिक राशि के वितरण का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मैं किसान का बेटा हूं और बचपन से ही सहकारिता से मेरा गहरा रिश्ता रहा है। तभी से मुझे विश्वास था कि सहकारिता के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'सहकार से समृद्धि' का वही सपना धरातल पर साकार होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रथम कार्यकाल में उन्हें राज्यमंत्री के रूप में साथ



काम करने का अवसर मिला और उन्होंने किसानों के प्रति प्रधानमंत्री की संवेदनशीलता तथा समर्पण को बहुत करीब से देखा है। किसानों के कल्याण के प्रति इसी प्रतिबद्धता के कारण प्रधानमंत्री ने कृषि मंत्रालय का दायरा बढ़ाते हुए उसका नाम 'कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय' किया, ताकि किसानों का समग्र विकास सरकार की प्राथमिकता बने। सहकारिता किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और आत्मनिर्भरता का सबसे प्रभावी माध्यम बन रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सहकारिता क्षेत्र को नई दिशा मिली है और इसका लाभ सीधे किसानों एवं ग्रामीण परिवारों तक पहुंच रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि केंद्र सरकार केवल कृषि ही नहीं बल्कि पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, वनोपज, मत्स्य पालन और ग्रामीण उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में भी सहकारिता को मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के सहयोग से प्रदेश में दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में व्यापक बदलाव दिखाई देने लगे हैं। राज्य सरकार पशुपालन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पहले किसानों को खेती-किसानी के लिए 16 से 18 प्रतिशत दर पर ऋण लेना पड़ता था और भारी-भरकम ब्याज का बोझ उन्हें आर्थिक रूप से परेशान कर देता था। आज सहकारिता व्यवस्था और किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से किसानों को बिना ब्याज ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्रदेश के 15 लाख से अधिक किसानों को 8 हजार करोड़ रुपये से अधिक का ऋण उपलब्ध कराया गया है, जिससे किसानों को खेती के लिए सुलभ वित्तीय सहायता मिल रही है और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जिस प्रकार दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व और सुरक्षा बलों के साहस से नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक सफलता मिली है, उसी प्रकार सहकारिता के माध्यम से भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बड़ा परिवर्तन लाया जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सहकारी सप्ताह के दौरान विषय विशेषज्ञों के मंथन से प्रदेश में सहकारिता के नए आयाम स्थापित होंगे और इसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा। सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूरे होना देश के लिए गौरव का विषय है। इस अवसर पर 29 जून से 06 जुलाई तक सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में छत्तीसगढ़ में सहकारिता के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में सहकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना सहकारिता का मूल उद्देश्य है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की कोई भी पंचायत सहकारिता से वंचित न रहे, इस दिशा में कार्य करते हुए राज्य में 1352 नई सहकारी समितियों का गठन किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने सहकारिता विभाग के ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ किया।

## राजस्व मंत्री ने ग्राम झोंका में किया विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण



■ विभिन्न विकास कार्यों के लिए 27 लाख से अधिक की घोषणा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,4 जुलाई।** ग्राम पंचायत झोका में शुक्रवार को राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। श्री वर्मा ने महामाया मंदिर सामुदायिक भवन, केश डबरी प्रवेश द्वार ,पचरी निर्माण, महतारी सदन, मुक्ति धाम शेड, तालाब गहरीकरण तथा रंगमंच भवन सहित विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और कुर्मी पारा स्थित नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों की मांगों पर ग्राम के विकास हेतु कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। इनमें प्राथमिक शाला में शौचालय निर्माण के लिए 2 लाख रुपये, छापड़ तालाब गहरीकरण के लिए 10 लाख रुपये, मुक्तिधाम शेड निर्माण के लिए 7 लाख रुपये, पचरी निर्माण के लिए 3 लाख रुपये, सामुदायिक भवन,ज्योति कक्ष निर्माण के लिए 5 लाख रुपये तथा जागृति महिला मंडल को 10-10 हजार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा शामिल है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ग्राम पंचायत झोका के सरपंच हरीराम धुव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## राजस्व मंत्री ने देवरी में 44 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन व लोकार्पण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 4 जुलाई।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शुक्रवार को जिला प्रवास के दौरान विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत देवरी पहुंचे। उन्होंने यहां 44 लाख रुपये की लागत से तीन विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इसमें ग्राम देवरी में 20 लाख की लागत से निर्मित चेक डेम और 16 लाख की लागत से बने महतारी सदन भवन का लोकार्पण शामिल है। इसके साथ ही 8 लाख रुपये की लागत से शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा की राज्य सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। चेक डेम से क्षेत्र में जल स्तर बढ़ेगा और किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। महतारी सदन महिलाओं के स्वावलंबन और सामुदायिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। हमारी सरकार समग्र विकास के लिये प्रतिबद्ध है। गांव -गांव में लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचने से हर तरफ खुशहाली और समृद्धि दिखाई डे रही है। इस अवसर श्रद्धठुजिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, उपाध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, सभापति चंद्रशेखर धध्रुव सरपंच सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

## सहकारी समिति लवन में किसान संगोष्ठी एवं सहकारिता मेला का आयोजन

**बलौदाबाजार 4 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सहकारिता मंत्रालय के गठन के पाँच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले की सभी पंजीकृत सहकारी समितियों में सहकारिता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मॉडल सहकारी समिति लवन में किसान संगोष्ठी एवं सहकारिता मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को सहकारी समितियों की नई सेवाओं, आधुनिक कृषि तकनीकों तथा विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही किसानों को केसीसी,रूपे कार्ड एवं एटीएम कार्ड तथा परिवहन सुविधा केंद्र के माध्यम से लर्निंग लाइसेंस वितरित किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं कृषि योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने किसानों से आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर खेती को अधिक लाभकारी एवं समृद्ध बनाने का आह्वान किया। साथ ही सहकारी समितियों से जुड़कर उपलब्ध सुविधाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने की अपील की।

उप पंजीयक सहकारिता उमेश गुप्ता ने कहा कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां अब केवल कृषि कार्यों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि बहुउद्देशीय संस्थाओं के रूप में विकसित हो चुकी हैं। पहले समितियों के माध्यम से किसानों को खाद, बीज, दवाइयां एवं ऋण उपलब्ध कराया जाता था, जबकि अब आधार सेवा केंद्र, परिवहन सुविधा केंद्र, माइक्रो एटीएम, ड्रोन संचालन, पेट्रोल-डीजल आउटलेट, एलपीजी वितरण तथा प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र जैसी अनेक सेवाएं भी संचालित की जा रही हैं। उन्होंने किसानों से सहकारी समितियों से जुड़कर इन सुविधाओं का अधिकाधिक लाभ लेने का आग्रह किया।

## मल्लखम्ब खेल प्रशिक्षण के एक वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन

**बलौदाबाजार, 4 जुलाई।** जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से बलौदाबाजार में ''मल्लखम्ब खेल प्रशिक्षण केन्द्र'' का संचालन किया जा रहा हैं। प्रशिक्षण केन्द्र संचालन एक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरूवार को पुलिस अधीक्षक ओ.पी.शर्मा के.मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर खिलाड़ियों ने आकर्षक मल्लखम्ब प्रदर्शन प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा ने मल्लखम्ब खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि मल्लखम्ब खेल प्रशिक्षण केन्द्र ने एक वर्ष में अनुशासन, आत्मविश्वास और शारीरिक दक्षता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है । यह केन्द्र युवाओं को नशामुक्त, स्वस्थ एवं संस्कारित जीवन की ओर प्रेरित कर



रहा है। आने वाले समय में यहां के खिलाड़ी राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता पर जिले का नाम रोशन करेंगे। खेल अधिकारी प्रीति बंछोर बिजौरा ने बताया कि एक वर्ष के दौरान प्रशिक्षण केन्द्र में नियमित रूप से बालक एवं बालिकाओं को मल्लखम्ब खेल का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से खिलाड़ियों में शारीरिक क्षमता, संतुलन, लचीलापन, आत्मविश्वास, अनुशासन एवं मानसिक एकाग्रता का उल्लेखनीय विकास हो रहा है। प्रशिक्षित खिलाड़ियों ने जिला, संभाग, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं प्रदर्शनों में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा जिले का गौरव बढ़ाया।मल्लखम्ब भारत की प्राचीन एवं गौरवशाली पारंपरिक खेल विधा है जो वर्तमान समय में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निरंतर लोकप्रिय हो रही है। प्रशिक्षण केन्द्र के माध्यम से जिले के बच्चों एवं युवाओं को इस खेल से जोड़ने तथा उन्हें उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने का सतत प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी सीएसआर आशा शुक्ला, मुख्य कोच अकलेश नारंगप्रभात जांगड़े आयशा शुक्ला, शांति ध्रुव सहित समस्त मल्लखम्ब खिलाड़ी खेल एवं युवा कल्याण विभाग बालौदबाजार के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# पंचायतों में सचिवों को अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करने सीईओ को ज्ञापन सौंपा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कलकसा (डोंगरगढ़) 4 जुलाई।** जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के सचिव संघ के द्वारा मुख्यकार्यपालन अधिकारी भगवती साहू को ज्ञापन सौंपा गया । जिसमें ज्ञापन सौंपने वालो में सचिव संघ के अध्यक्ष राजाराम उईके के द्वारा बताया गया , कि ग्राम पंचायत में नामांतरण बंटवारा, विवाह पंजीयन, जन्म मृत्यु पंजीयन, सभी समय सीमा पर आन लाइन एंट्री करना होता है । जो बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है । उसके बाद भी सचिवो को मूल पंचायत के साथ जो पंचायत में रिक्त पद है । वहां पर लगभग 12 सचिवों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वर्तमान में शासन के द्वारा अनेक प्रकार से काम कराया जा रहा है। जिससे ग्राम पंचायत का मूल कार्य समय-सीमा में पूर्ण नहीं हो रहा है। कई योजनाओं का आनलाइन कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने शासन से आदेश जारी किया जा रहा है, कई सचिवों को कम्प्यूटर का ज्ञान नहीं होने के कारण जानकारी समय-सीमा में पूर्ण नहीं कर पा रहे हैं। अभी वर्तमान में ग्राम पंचायत से प्राप्त सभी प्रकार के टैक्स को समर्थ पोर्टल पर एंट्री करना है,कई



सचिवों को इस संबंध में सही तरह से जानकारी नहीं होने के कारण नहीं कर पा रहे हैं।इस तरह अनेक कार्य होने के कारण जानकारी समय-सीमा में पूर्ण नहीं हो रहा है जिस पर उच्च कार्यालय के अधिकारियों द्वारा नाराजगी जताई जा रही है । एवं कारण बताओ नोटिस जारी या निलंबित किया जा रहा है। जिससे ग्राम पंचायत में अतिरिक्त प्रभार के सचिवों को मानसिक रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ सचिवों को जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में बिना निलंबित किए बैठाकर रखा गया है और वेतन पूरा दिया जा रहा है। शासन के द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती हेतु जिला पंचायत को अधिसूचना जारी किया गया है, लेकिन जिला पंचायत के द्वारा रिक्त पंचायत सचिवों के भर्ती हेतु अधिसूचना जारी नहीं किया गया है। कई जिलों में पंचायत सचिवों की भर्ती हेतु अधिसूचना जारी किया गया है। इन सभी समस्याओं को जनपद पंचायत सीईओ मैम को ज्ञापन दिया गया।सचिवों द्वारा ज्ञापन में बताया गया है कि इस संबंध में त्वरित कार्रवाई नहीं हुई तो कामबंद कलमबंद हड़ताल पर जाने हेतु मजबूर हो जायेंगे। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन को होगी। इस ज्ञापन देने के लिए सचिव संघ के अध्यक्ष राजाराम उईके, उपाध्यक्ष रोहित चन्द्रवंशी, केदान सिन्हा, मोरध्वज साहू, नारायण देवांगन,धिरेंन्द्र धरमगुड़े,मनेश रंगारी, उमेन्द्र वर्मा, जय राम वर्मा, नारद सोनवानी,धरमपाल वर्मा, अशोक वैष्णव, श्रीमती दशोदा सिन्हा,निधी यादव, अंजू ठाकुर, रोशनी गढ़वाल, नेमीन वर्मा, पूर्णिमा मंडावी सहित सभी सचिव संघ के पदाधिकारी एवं सभी सचिव उपस्थित रहे।

## आयोग ने उपभोक्ता को दिलाई वाहन बीमा की क्षतिपूर्ति राशि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 4 जुलाई।** बलौदाबाजार बीमा कंपनी द्वारा दुर्घटनाग्रस्त वाहन के क्षतिपूर्ति राशि प्रदाय नहीं किये जाने के मामले में उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए बीमा योजना के तहत बीमा क्षतिपूर्ति राशि 1168580 एवं उपभोक्ता को मानसिक व आर्थिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 15 हजार तथा वाद-व्यय हेतु 7 हजार रुपये परिवादी को प्रदाय किये जाने का आदेश किया गया। प्राप्त जानकारी के.अनुसार रावाभाटा, रायपुर निवासी परिवादी प्रवीण सिंह द्वारा अपने वाहन ट्रक ट्रेलर का बीमा द ओरिएंटल इन्शुरेन्स कंपनी से कराया था।वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसकी सूचना विरोधी पक्षकार बीमा कंपनी के कार्यालय को देकर बीमा दावा प्रस्तुत किया गया किन्तु बीमा कंपनी द्वारा बीमा क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान नहीं किया गया जिससे परिवेदित होकर परिवादी द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत किया गया।आयोग के अध्यक्ष श्रीमती रंजना दत्ता एवं सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला व श्रीमती शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजों एवं संबंधित नियम आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि बीमा कंपनी द्वारा वाहन चालक को शराब के नशे में होने के कारण दुर्घटना घटित होने का मूल आधार लिया गया है सिर्फ शराब की गंध मौजूद होने से यह साबित नही होता है कि मृतक ने शराब पी है यह अनुमान भी नहीं लगाया जा सकता कि वह अपनी देखभाल नहीं कर सकता या वह वाहन नहीं चला सकता विरोधी पक्षकार कोई ठोस और विश्वसनीय साक्ष्य आयोग के समक्ष नही प्रस्तुत कर सका जिससे यह प्रमाणित हो कि दुर्घटना के समय मृतक शराब के नशे में था और स्वयं की देखभाल करने या वाहन चलाने में असमर्थ था।

## डायल-112 की तत्परता और सूझबूझ से टली बड़ी वारदात

**बलौदाबाजार 4 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ पुलिस की डायल 112 सेवा न केवल संकट के समय में आम जनता की मददगार साबित हो रही है, बल्कि अपनी सूझबूझ और ईमानदारी से खाकी की छवि को भी लगातार गौरवान्वित कर रही है। ऐसा ही एक सराहनीय मामला थाना कसडोल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पुटपुरा से सामने आया है, जहाँ डायल 112 की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक ही परिवार के कई लोगों को घरेलू हिंसा का शिकार होने से बचाया। क्या था मामला- दिनांक 01 जुलाई 2026 की रात करीब 09:00 बजे डायल 112 को इवेंट नंबर 542331 के माध्यम से एक अत्यंत संवेदनशील सूचना मिली। कॉलर ने बेहद डरे हुए स्वर में बताया कि उसका जीजा अत्यधिक शराब के नशे में है और घर के छोटे-छोटे 3 बच्चों, अपनी पत्नी, सास, ससुर तथा कॉलर के साथ बेरहमी से मारपीट कर रहा है। घर में चीख-पुकार मची हुई है और जान का खतरा बना हुआ है बिना वक्त गंवाए मौके पर पहुंची 'बाज 1' की टीम- सूचना की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना कसडोल की डायल 112 'बाज 1' टीम में तैनात आरक्षक आशुतोष बंजारे एवं साथी स्टाफ बिना एक पल गंवाए तत्काल घटनास्थल ग्राम पुटपुरा पहुंचे। मौके पर हालात काफी तनावपूर्ण थे।

## शपथ पत्र

अनूप कुमार नेताम उम्र 40 वर्ष पिता श्री मया राम नेताम जाति - गोंड़ म.न.44 वार्ड.न.02 डीहीपारा सेमरा तह. बेलरगांव जिला धमतरी छ.ग. का निवासी हूं

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उनका नाम वेदान्स VEDANSH अंकित है जो सही है एवं उनके आधार कार्ड में उनका नाम वेन्दास Vendas अंकित है जो त्रुटिपूर्ण है।

मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उनका नाम त्रुटिपूर्ण अंकित होने से उन्हे शासकीय कार्यों व शैक्षणिक कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उनका सही नाम वेदान्स VEDANSH अंकित करवाना चाहता हूं।

मेरे द्वारा दी जा रही उपरोक्त जानकारी पूर्ण रूप से सत्य एवं सही है किसी प्रकार की असत्य पाये जाने पर सम्पूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।

मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उनका सही नाम वेदान्स VEDANSH अंकित करने की पुष्टि एवं समर्थन में यह शपथ पत्र गजट प्रकाशन करने हेतु दे रहा हूँ जो पूर्ण रूप से सही है।

शपथकर्ता
अनूप कुमार नेताम

## एक नजर

### अवैध कब्जा हटाने अब तूता के लोगों को नोटिस

**रायपुर, 4 जुलाई।** नकटी गांव में बुलडोजर कार्रवाई का मामला अभी शांत हुआ नहीं है कि अब राजधानी से लगे तूता गांव में विवाद पैदा हो गया है. नवा रायपुर डेवलपमेट एथारिटी ने गांव के 35 मकानों पर अतिक्रमण को लेकर नोटिस चस्पा किया है. इसके साथ ही इन मकानों में रहने वालों के बीच दहशत पैदा हो गई है. एनआरडीए द्वारा 30 जून को जारी के नोटिस में ग्रामीणों पर प्राधिकरण की जमीन पर अतिक्रमण का आरोप लगाया गया है. नोटिस में 6 जुलाई तक जवाब देने का समय के साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि तय समय पर जवाब नहीं दिया गया तो एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी. ग्रामीणों का तर्क है कि वे इस जगह पर पिछले 25 से 50 वर्षों (दशकों) से रह रहे हैं, और उनकी पूरी पीढ़ी यहीं पली-बढ़ी है. उनका सवाल यह है कि यदि उनका आशियाना अवैध था, तो इतने दशकों तक प्रशासन और संबंधित विभाग पूरी तरह खामोश क्यों रहा?

» **एनआरडीए ने 35 घरों में चस्पा किया नोटिस**

### नगर निगम की विशेष सामान्य सभा 6 जुलाई को

**रायपुर, 4 जुलाई।** रायपुर नगर निगम की विशेष सामान्य सभा 6 जुलाई को 11 बजे होने जा रही है, जिसमें जल, अवैध प्लाटिंग व निर्माण, अतिक्रमण तथा सफाई जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। महापौर मीनल चौबे के लिखित आग्रह पर सभापति सूर्यकांत राठौर व्दारा यह सभा बुलाई जा रही है।

### अमेजन इंडिया का प्राइम डे सेलिब्रेशन

**रायपुर, 4 जुलाई।** अमेज़न इंडिया प्राइम डे के 10वें एडिशन के लिए पूरी तरह तैयार है, जो आज से शुरू होकर 06 जुलाई की रात 11:59 बजे तक जारी रहेगा। ग्राहक स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और ब्यूटी, होम एंड किचन, ग्रॉसरी और अन्य कैटेगरी में 72 घंटों तक बेहतरीन डील्स, ब्लॉकबस्टर लॉन्चेज और अब तक की सबसे तेज़ डिलीवरी स्पीड का आनंद ले सकते हैं। इस मील के पत्थर को चिह्नित करने के लिए, अमेज़न नए सदस्यों को सालाना प्राइम मेंबरशिप पर फ्लैट 500 रुपये की छूट दे रहा है, जो मात्र 999 रुपये में मिलेगी। इसके अलावा अन्य प्लान्स 299 रुपये/वर्ष (शॉपिंग एडिशन पर 100 रुपये की छूट) और 599 रुपये/वर्ष (प्राइम लाइट पर 200 रुपये की छूट) से शुरू हो रहे हैं। सदस्यों को 10वीं एनिवर्सरी की डील्स के साथ एसबीआई डेबिट और क्रेडिट कार्ड, एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड, ईएमआई ट्रांजेक्शन पर 10त्न तक की अतिरिक्त बचत और अमेज़न पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड के साथ अनलिमिटेड 5त्न कैशबैक मिलेगा साथ ही अमेज़न पे लेटर का इंस्टॉलमेंट विकल्प उपलब्ध होगा जो 1, 500 रुपये से अधिक के कार्ट पर ब्याज-मुक्त ईएमआई की सुविधा देता है।

### डीएमएफ प्रबंध समिति में संतोष तिवारी मनोनीत

रायपुर, 4 जुलाई। जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) रायपुर की प्रबंध समिति में वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष तिवारी को सदस्य मनोनीत किया गया है। कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष, जिला खनिज संस्थान न्यास द्वारा जारी आदेश के अनुसार उनकी नियुक्ति प्रबंध समिति के सदस्य के रूप में की गई है। उल्लेखनीय है कि जिला खनिज संस्थान न्यास की प्रबंध समिति में सदस्य मनोनयन के लिए कलेक्टर कार्यालय द्वारा जनप्रतिनिधियों से नाम आमंत्रित किए गए थे। इस क्रम में रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा ने वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष तिवारी के नाम का प्रस्ताव भेजा था, जिसे स्वीकार करते हुए जिला प्रशासन द्वारा उन्हें प्रबंध समिति का सदस्य मनोनीत किया गया।



# सोलर पैनल लगाने के दौरान हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो की मौत



**रायपुर, 4 जुलाई।** महामाया मंदिर वार्ड 65 के अंतर्गत प्रोफेसर कॉलोनी में आज सुबह एक दर्दनाक हादसे में सोलर पैनल लगाने के दौरान 11 केवी हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 10:30 बजे एक मकान की छत पर सोलर पैनल लगाने का कार्य चल रहा था। इसी दौरान दोनों युवक हाई टेंशन बिजली तार के संपर्क में आ गए, जिससे करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान आशीष चंद्राकर (20 वर्ष) और प्रमोद चंद्राकर (30 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों युवक दुर्ग जिले के औंधी गांव के निवासी बताए जा रहे हैं और काम के सिलसिले में रायपुर आए थे।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में शोक की लहर है।

## छग में भी लागू हो ग्रेन एटीएम योजना : संजय

**रायपुर, 4 जुलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने गत माह मेघालय राज्य के शिलांग में संचालित आधुनिक ''ग्रेन (अनाज) एटीएम'' प्रणाली का अवलोकन एवं निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इस तकनीक के माध्यम से सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को अधिक पारदर्शी, सुगम एवं हितग्राही-केंद्रित बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का विस्तृत अध्ययन किया।

संजय श्रीवास्तव ने बताया कि ग्रेन एटीएम एक अत्याधुनिक स्वचालित मशीन है, जिसे राशन दुकानों के बाहर स्थापित किया जाता है और यह बैंक के एटीएम की तरह कार्य करती है। इस प्रणाली के माध्यम से हितग्राही अपने राशन कार्ड अथवा आधार कार्ड के आधार पर मशीन में अपनी पहचान दर्ज कराते हैं। इसके बाद बायोमेट्रिक (फिंगरप्रिंट) सत्यापन होने पर मशीन निर्धारित पात्रता के अनुसार स्वतः चावल अथवा गेहूं उपलब्ध कराती है। श्रीवास्तव ने कहा कि इस तकनीक के लागू होने से हितग्राहियों को कई महत्वपूर्ण सुविधाएं प्राप्त होती हैं। उन्हें राशन लेने के लिए लंबी कतारों में प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ती, मशीन द्वारा निर्धारित मात्रा में ही अनाज वितरित होने से तौल संबंधी त्रुटियों एवं अनियमितताओं की संभावना समाप्त हो जाती है तथा वितरण प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनती है। ग्रेन एटीएम की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह ''24 घंटे'' संचालित किया जा सकता है। इससे हितग्राही अपनी सुविधा एवं समयानुसार किसी भी समय राशन प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही ''वन नेशन, वन राशन कार्ड'' योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राही देश के किसी भी स्थान पर उपलब्ध ऐसी मशीन के माध्यम से अपना निर्धारित खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इससे प्रवासी श्रमिकों एवं अन्य लाभार्थियों को विशेष सुविधा मिलेगी।

# 782.21 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन



**रायपुर, 4 जुलाई।** पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति प्रदान करने की दिशा में आज एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई। महादेव घाटक्ढ्ढरायपुरा क्षेत्र में 671.62 लाख की लागत से आंतरिक चतुर्दिक सड़क निर्माण कार्य तथा माधव राव सप्रे वार्ड क्रमांक 69 में 110.59 लाख की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। कुल 782.21 लाख की लागत से प्रारंभ होने वाले इन विकास कार्यों से क्षेत्र की आधारभूत अधोसंरचना सुदृढ़ होगी तथा नागरिकों को बेहतर सड़क, सुगम आवागमन एवं आधुनिक नागरिक सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मुणत, महापौर मीनल चौबे, पार्षदगण, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# सहयोग केंद्र में मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने किया कार्यकर्ताओं के आवेदनों का निराकरण



**रायपुर, 4 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय (कुशाभाऊ ठाकरे परिसर) में शुक्रवार को 'सहयोग केंद्र' में छत्तीसगढ़ शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े उपस्थित रहीं। रजवाड़े ने सहयोग केंद्र में पहुंचे प्रदेशभर के कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं, शिकायतों और सुझावों को बेहद संवेदनशीलता के साथ सुना। प्रदेश शासन की मंत्री रजवाड़े ने प्राप्त आवेदनों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार और समयबद्ध तरीके से उनके निराकरण के निर्देश दिए। रजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार जनता के प्रति पूरी तरह जवाबदेह है और 'सहयोग केंद्र' के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक सीधे राहत पहुँचाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान सहयोग केंद्र में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू, प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी और सहयोग केन्द्र प्रभारी सच्चिदानंद उपासने उपस्थित रहे।

# साय कैबिनेट का चिंतन शिविर शुरू



**रायपुर, 4 जुलाई।** राज्य मंत्रिमंडल का दो दिनी चिंतन शिविर शनिवार को नवा रायपुर स्थित आईआईएम में शुरू हुआ। सुबह करीब साढ़े 10 बजे शुरू हुए इस शिविर में सीएम के साथ सरकार के सभी मंत्री शामिल हुए। चिंतन शिविर के पहले दिन की शुरुआत आध्यात्मिक गुरु एवं मोटिवेशनल स्पीकर गौर गोपाल दास के नेतृत्व, जीवन मूल्यों और प्रभावी प्रशासन पर व्याख्यान से हुई। इसके बाद अभय करंदीकर उभरती प्रौद्योगिकियों, एआई और भविष्य की शासन व्यवस्था में उनकी भूमिका पर अपने विचार रखेंगे। कृषि विशेषज्ञ डॉ. रमेश चंद कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और भविष्य की कृषि रणनीतियों पर विशेष व्याख्यान देंगे। शिविर के दूसरे दिन रविवार की शुरुआत योग सत्र से होगी। इसके बाद सुमन बिल्ला पर्यटन एवं सेवा क्षेत्र की संभावनाओं, शशांक मणि त्रिपाठी सार्वजनिक नीति एवं विकास, ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग उत्कृष्टता, नेतृत्व एवं प्रदर्शन की संस्कृति तथा डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे सुशासन, नेतृत्व और जनकेंद्रित प्रशासन पर अपने विचार साझा करेंगे।

# वित्त आयोग की अनुशंसाओं के क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श

## 16वें वित्त आयोग की राष्ट्रीय कार्यशाला में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा




**रायपुर, 4 जुलाई।** नई दिल्ली में आयोजित 16वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं पर राष्ट्रीय कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। कार्यशाला में विभिन्न राज्यों के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों तथा नीति-निर्माताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर ग्रामीण स्थानीय निकायों को वित्तीय संसाधनों के आवंटन, पंचायतों की वित्तीय क्षमता को सुदृढ़ करने तथा 16वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। कार्यशाला में स्थानीय निकायों की वित्तीय स्वायत्तता, बेहतर सेवा प्रदायगी, पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रदर्शन आधारित अनुदान व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष चर्चा हुई। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कार्यशाला के विभिन्न तकनीकी सत्रों में सहभागिता करते हुए पंचायतों एवं ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दों पर आयोजित प्रस्तुतियों और विचार-विमर्श का अवलोकन किया।

कार्यशाला के दौरान 16वें वित्त आयोग द्वारा ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए प्रस्तावित अनुदान की जानकारी साझा की गई। आयोग की अनुशंसाओं के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 की अवधि में छत्तीसगढ़ को कुल 11, 664 करोड़ रुपए का अनुदान प्राप्त होगा। इसमें 9, 331 करोड़ रुपए बेसिक ग्रांट तथा 2, 333 करोड़ रुपए परफॉर्मेंस ग्रांट शामिल हैं। वहीं, ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए अंतर-राज्यीय अनुदान वितरण में छत्तीसगढ़ की हिस्सेदारी 2.68 प्रतिशत निर्धारित की गई है। वर्षवार आवंटन के अनुसार 2026-27 में राज्य को 1, 498 करोड़ रुपए की बेसिक ग्रांट मिलेगी।

# निर्माण कार्यों का हर 15 दिनों में निरीक्षण करने के निर्देश

**रायपुर, 4 जुलाई।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव शंगीता आर. ने आज वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ रायपुर नगर निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर राजधानी रायपुर में विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने रायपुर नगर निगम मुख्यालय में आयोजित बैठक में तकनीकी कारणों से लंबित अप्रारंभ कार्यों की बाधाएं दूर कर उन्हें तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जोन कमिश्नरों को हर 15 दिनों में कार्यस्थलों का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक आर. एक्का और रायपुर नगर निगम के आयुक्त संबित मिश्रा भी बैठक में मौजूद थे।

**नागरिक सुविधाओं के काम में न हो लापरवाही : शंगीता आर.**

सचिव शंगीता आर. ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि राजधानी में नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट तथा अन्य बुनियादी सेवाओं की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए सभी जोन कमिश्नरों, स्वच्छ भारत मिशन के वार्ड प्रभारियों और नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारियों का गंभीरता एवं जवाबदेही के साथ निर्वहन करने को कहा।

नगरीय प्रशासन विभाग की सचिव ने शहर के जलभराव वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर व्यापक सफाई अभियान चलाने तथा जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी नियमित एवं प्लेसमेंट अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्धारित समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को समय पर वेतन मिलने से कार्यक्षमता और सेवा वितरण दोनों बेहतर होते हैं।

**मुलाकात** | मुख्यमंत्री धामी से मिले छत्तीसगढ़ के मीडिया प्रतिनिधि, देवभूमि और छत्तीसगढ़ के बीच बढ़ा वैचारिक सेतु

# लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत करने में छग सरकार की भूमिका अनुकरणीय



**रायपुर, 4 जुलाई।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री निवास (देहरादून) में आज छत्तीसगढ़ के मीडिया प्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों की उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से एक अत्यंत गरिमामय और सौजन्य भेंट हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने छत्तीसगढ़ की मीडिया टीम और अधिकारियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और उत्तराखंड के बहुआयामी विकास, सांस्कृतिक धरोहर तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए जा रहे अभूतपूर्व कार्यों की जानकारी दी। मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार विकास भी, विरासत भी के मूल मंत्र पर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि नैनीताल, गढ़वाल और कुमाऊं क्षेत्रों के लिए अलग-अलग विकास प्राधिकरणों का गठन कर उनके विकास के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य इन क्षेत्रों का संतुलित सामाजिक, आर्थिक और नैसर्गिक विकास करना है, ताकि यहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण रखते हुए आधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जा सके।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी ने जोर देकर कहा कि उत्तराखंड ऋषियों, मुनियों और संतों की पावन तपोस्थली है। इस देवभूमि की आध्यात्मिक पहचान को संभालना हम सभी का परम दायित्व है। उन्होंने नैसर्गिक संपदा (प्राकृतिक संसाधनों) के संरक्षण पर विशेष बल दिया, ताकि भविष्य में आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और समृद्ध पर्यावरण संजोकर रखा जा सके।

संवाद के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की दूरगामी सोच की जमकर सराहना की। उन्होंने सीएम साय की मंशानुरूप इस महत्वपूर्ण भ्रमण कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह और संयुक्त सचिव सह आयुक्त जनसंपर्क रजत बंसल को विशेष रूप से बधाई दी। धामी ने इस बात को रेखांकित किया कि देश के लोकतंत्र के चौथे स्तंभ (मीडिया) की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखने और पत्रकार कल्याण से जुड़ी सुविधाओं के विस्तार में छत्तीसगढ़ देश में अग्रणी राज्य रहा है। अधिकारियों के कुशल नेतृत्व में ऐसे अंतर्राज्यीय भ्रमणों से दोनों राज्यों के बीच वैचारिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को एक नया आयाम मिलता है।

**एक अनूठा संगमः** छत्तीसगढ़ की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, खनिज व नैसर्गिक संपदा और उत्तराखंड की हिमालयी दिव्यता व आध्यात्मिक चेतना के बीच हुआ यह संवाद आने वाले समय में अंतर्राज्यीय समन्वय और राष्ट्रीय एकता का एक बेहतरीन उदाहरण बनकर उभरेगा। इस भ्रमण दल में मुख्यमंत्री धामी से मिलने वालों में दुर्ग, रायपुर, कोरबा, जगदलपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, कोरिया और धमतरी जिले के मीडिया प्रतिनिधी और छत्तीसगढ़ जनसंपर्क संचालनालय के अधिकारियों के साथ उत्तराखंड के सूचना एवं जनसंपर्क के निदेशक बंशीधर तिवारी, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव पांडे, संयुक्त संचालक के.एस. चौहान सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### अगले वर्ष हरिद्वार कुंभ के लिए विशेष आमंत्रण

भेंट के सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने छत्तीसगढ़ के साथ-साथ देश के अन्य राज्यों के मीडिया दल को अगले वर्ष हरिद्वार में आयोजित होने वाले भव्य महाकुंभ के लिए सस्नेह आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री धामी ने एक बड़ा दृष्टिकोण साझा करते हुए कहा कि कुंभ के पावन अवसर पर देश के सभी राज्यों के मीडिया प्रतिनिधियों को एक-एक अवसर दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इस पहल से देश भर की मीडिया देवभूमि की पावन तपोभूमि, आध्यात्मिक ऊर्जा और वहां की विश्वस्तरीय व्यवस्थाओं को अपनी आँखों से देख सकेगी और इन अद्भुत अनुभवों को अपने-अपने राज्यों की जनता तक पहुँचा सकेगी।

'मोर जमीन-मोर मकान'

# 300 गरीब परिवारों के पक्के आशियाने बनकर तैयार

**बीरगांव, 4 जुलाई।** गरीब और आवासहीन परिवारों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें सम्मानजनक जीवन देने के संकल्प के साथ नगर पालिक निगम बीरगांव में एक और बड़ी कामयाबी मिली है। छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुरूप, निगम क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत 'मोर जमीन-मोर मकान' घटक के तहत 300 हितग्राहियों के पक्के मकानों का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। आयुक्त, नगर पालिक निगम बीरगांव ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 'मोर जमीन-मोर मकान' योजना के तहत जिन हितग्राहियों के पास स्वयं का भूखंड (जमीन) उपलब्ध था, उन्हें अपने स्वयं के पक्के मकान बनाने के लिए शासन द्वारा आर्थिक अनुदान दिया गया है। निगम प्रशासन की लगातार मॉनिटरिंग और तकनीकी टीम के सहयोग से अब ऐसे 300 आवास पूरी तरह बनकर तैयार हैं, जिनमें हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया जाना है। निगम प्रशासन ने 'मोर जमीन-मोर मकान' योजना के तहत अपने सपनों का घर पूरा करने वाले सभी 300 परिवारों को बधाई दी है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26